हरिभूमि रायपुर भूमि





खास खबर

# नेचर के बीच शहर का पहला लग्जरी रिसॉर्ट, स्वीमिंग पूल के साथ ओपन रेस्टोरेंट की भी मिलेगी सुविधा

- पर्यटन विभाग ने एजेंसी को लीज पर दिया, माना-तूता के मोटल्स की सुविधा फरवरी से मिलने लगेगी
- चारों तरफ पेड़ों से घिरा हुआ है रिसॉर्ट, अब फूलों के पौधे लगाकर बढ़ा रहे खूबसूरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में नेचर के बीच छुट्टियों के दिन बिताने अब लोगों को कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा। माना तूता में लग्जरी रिसॉर्ट तैयार किया जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य 80 फीसदी पूरा हो गया है। फरवरी से इसकी सुविधा लोगों को मिलने लगेगी। बता दें कि छत्तीसगढ़ में लंबे समय से बंद पड़े 14 मोटल्स का संचालन शुरू होने लगा है। पर्यटन विभाग ने 2022 में इन मोटल्स को लीज पर दिया था, जिसमें माना-तूता का मोटल्स भी शामिल है। बता दें कि इसका निर्माण कार्य दो सालों से चल रहा है। विभाग का कहना है कि यह शहर का सबसे ▶▶ शेष पेज 11 पर

### 3 से 5 हजार तक हो सकता है किराया

विभाग के मुताबिक माना तूता में रिसॉर्ट 15 से 20 फरवरी के बीच शुरू हो सकता है। अभी कमरों का किराया तय नहीं हुआ है, लेकिन बताया जा रहा है कि 3 से 4 हजार के बीच 24 घंटे के लिए किराया हो सकता है। यहां कुछ कॉटेज में मिनी पूल की भी सुविधा दी गई है। रिसोर्ट इमली और आंवले के पेड़ों से घिरा हुआ है।



### माता कौशल्या धाम में रिसॉर्ट बनकर तैयार

श्रीराम के ननिहाल चंदखुरी माता कौशल्या धाम में लोगों को जल्द ही ठहरने की सुविधा मिलेगी। पर्यटन विभाग ने राम वन गमन पर्यटन परिपथ परियोजना के तहत यहां लग्जरी रिसॉर्ट तैयार किया है, जिसका निर्माण कार्य पूरा हो गया है। छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति थीम पर रिसॉर्ट का रंग रोगन किया गया है। दरवाजा और खिड़कियों के अलावा अन्य आवश्यक सुविधा का कार्य भी पूरा हो गया है, जिसे जल्द ही इसका लोकार्पण ▶▶ शेष पेज 11 पर

### फैसिलिटी नहीं होने से बंद हुए थे मोट्ल्स

पर्यटन विभाग ने पहले इन रिसोर्ट को तैयार करने पर करोड़ों रुपए खर्च किए, लेकिन पर्यटकों को यहां आवश्यक फैसिलिटी नहीं दी। इस वजह से पर्यटकों ने भी यहां आना-जाना बंद कर दिया। अब विभाग ने ऐसे रिसोर्ट को 30 साल के लिए लीज पर दिया है। यहां पर्यटकों को बार, स्विमिंग पूल, स्पोर्ट्स व गेम जोन के साथ मिनी थिएटर की सुविधाएं दी जा रही हैं। विभाग ने पहले रिसोर्ट का संचालन शुरू करने डेढ़ साल की मोहलत दी थी। इस वर्ष छत्तीसगढ़ के आधे दर्जन जिलों में रिसोर्ट की सुविधा बढ़ जाएगी। एजेंसी फैसिलिटी बढ़ाने में जुटी हुई है।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** नवा रायपुर के ग्राम राखी स्थित सेक्टर-28 में सूने मकान का ताला तोड़कर सामान समेटने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। नीरज कुमार राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर का ताला टूटा हुआ मिला और कीमती सामान गायब है। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच के बाद आरोपी छोटू टंडन उर्फ छिंदी एवं रितेश खुंटे को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही परचोरी की एलईडी टीवी, साउंड सिस्टम, लैपटॉप सहित 80 हजार का सामान बरामद किया है।

### घर जा रहे युवक को रास्ते में रोककर पीटा



**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक व्यक्ति ने चार लड़कों के खिलाफ रास्ते में रोककर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेंद्र नगर निवासी विश्वरंजन पुरोहित की शिकायत पर पुलिस ने रमजान खान, मनोज निर्मलकर, सुभाष देवांगन, कान्हा सोनकर को मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। विश्वरंजन ने पुलिस को बताया कि 9 जनवरी की देर रात वह अपने ऑफिस से घर जा रहा था। इस दौरान लड़कों ने उसका रास्ता रोककर उस पर एक्सीडेंट करने का आरोप लगाते हुए हॉकी स्टिक से मारपीट की।

### आपसी रंजिश में मारपीट थाने में केस दर्ज

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पारस नगर निवासी तनुष कुमार जैन ने हेमंत तथा उसके दोस्तों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की है। तनुष ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ बैठा था, इस दौरान हेमंत अपने अन्य साथियों के साथ पुरानी बात को लेकर उसके साथ विवाद करते हुए उससे तथा दोस्त से मारपीट की।

### नाली निर्माण विवाद, निगम ठेकेदार से मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में नगर निगम के एक ठेकेदार ने एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ नाली निर्माण विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोवा निवासी नीरज वर्मा ने प्रदीप पाण्डेय के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। नीरज ने पुलिस को बताया कि वह कृष्णानगर में नाली निर्माण करा रहा था। इसी दौरान प्रदीप ने उसे उसके घर से चार फीट दूर नाली निर्माण कराने की बात को लेकर विवाद कर मारपीट की।

---

रायपुर रेंज में एक साल में दो सौ से अधिक लोगों से पांच लाख रुपए से ज्यादा की ठगी

# हर घंटे दो लोग हो रहे साइबर ठगी के शिकार, देश में 19वें स्थान पर छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


खास खबर

राज्य में हर घंटे दो लोगों के साथ साइबर ठगी की घटनाएं हो रही हैं। राज्य के अलग-अलग जिलों में एक वर्ष में 19 हजार से ज्यादा लोगों के साथ साइबर ठगी हुई है। एडीजी तकनीकी प्रदीप गुप्ता के अनुसार, साइबर ठगी के मामलों में छत्तीसगढ़ का स्थान 19वां है। देश में सबसे ज्यादा ठगी की घटनाएं तेलंगाना, ओडिशा के बाद महाराष्ट्र में हो रही हैं। रेंज साइबर रायपुर पुलिस ने पांच लाख रुपए या उससे ज्यादा ऑनलाइन ठगी के एक साल में दो सौ प्रकरण दर्ज किए हैं।

पुलिस की रिपोर्ट में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक, साइबर ठगी करने वाले जालसाज एक दर्जन से ज्यादा तरीकों से साइबर इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। नए तरीकों से साइबर ठगी को रोकना पुलिस के एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। जिन लोगों के साथ साइबर ठगी की घटनाएं हो रही हैं, उनमें 70 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जो पढ़े-लिखे तथा उच्च संपन्न वर्ग के लोग हैं। पुलिस के अनुसार स्वयं की सतर्कता से ही लोग ▶▶ शेष पेज 11 पर

### 25 करोड़ की ठगी में 42 करोड़ होल्ड

रेंज साइबर पुलिस दो सौ ऑनलाइन ठगी के मामलों की जांच कर रही है। जिन दो सौ मामलों की रेंज साइबर पुलिस जांच कर रही है, उन मामलों में जालसाजों ने 25 करोड़ रुपए के फ्राड किए हैं। साइबर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में एक साल में डेढ़ सौ जालसाजों को गिरफ्तार कर ढाई हजार बैंक अकाउंट होल्ड कराया है। होल्ड कराए गए खातों में जमा 42 करोड़ रुपए साइबर पुलिस ने फ्रीज कराए हैं।



### इन राज्यों में सबसे ज्यादा ऑनलाइन ठगी

वर्ष 2023 में जिन राज्यों में सबसे ज्यादा ऑनलाइन ठगी की घटनाएं हुई हैं, उनमें टॉप 10 राज्यों में तेलंगाना का स्थान पहला है। साथ ही ओडिशा, महाराष्ट्र, दिल्ली, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, तामिलनाडु, राजस्थान के नाम भी शामिल हैं।

### ठगी के हॉटस्पॉट

- हरियाणा - मेवात, भिवानी, नूंह, पलवल, मनोटा, हसनपुर, हथन गांव
- दिल्ली - अशोक नगर, उत्तम नगर, शकरपुर, हरकेश नगर, ओखला, आजादपुर
- बिहार - बांका, बेगूसराय, जमुई, नवादा, नालंदा, गया
- असम - बारपेटा, धुबरी, गोलपाड़ा, मोरिगांव, नागांव
- झारखंड - जामताड़ा, देवघर
- पश्चिम बंगाल - आसनसोल, दुर्गापुर
- गुजरात - अहमदाबाद, सूरत
- उत्तरप्रदेश - आजमगढ़
- आंध्रप्रदेश - चित्तूर


### इन तरीकों से भी की जा रही ठगी

- **फिशिंग स्कैम** - चर्चित तथा बड़ी कंपनी और सरकारी विभागों के नाम, लोगो का इस्तेमाल कर मैसेज कर लिंक भेजते हैं। लिंक क्लिक करने पर मिनटों में जालसाज अकाउंट खाली कर देते हैं।
- **जाब स्कैम** - जॉब देने के नाम पर सोशल मीडिया पर विज्ञापन जारी कर लोगों से संपर्क करते हैं। आवेदन करने वाले लोगों से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के नाम पर पैसे जमा कराकर ठगी करते हैं। इसी तरह से ऑनलाइन कारोबार करने के नाम पर ठगी करते हैं।
- **पैसे भेजने का झांसा** - लोगों के पास रुपए क्रेडिट होने का फर्जी मैसेज भेजते हैं। फिर गलती से पैसे ट्रांसफर होने बात कहकर ठगी।
- **मेट्रिमोनियल स्कैम**- मेट्रिमोनियल-डेटिंग एप या इंटरनेट मीडिया पर फेक प्रोफाइल बनाते हैं। फिर धीरे-धीरे बात कर रिश्ते में सीरियस होने की बात कहकर अचानक इमरजेंसी होने का झांसा देकर पैसों की मांग कर ठगी करते हैं।
- **लकी ड्रॉ स्कैम** - लोगों को ड्रॉ निकलने के झांसा देकर अलग-अलग टैक्स की राशि जमा कराकर ठगी करते हैं।
- **पार्सल ठगी** - ठग लोगों को कॉल कर बताते हैं कि उनका कोई पार्सल आ रहा था, जिसमें ड्रग्स पाए जाने से उनका पार्सल जांच एजेंसी ने जब्त कर लिया है। लोग डरकर ठग को पैसे ट्रांसफर कर देते हैं।
- **कैश ऑन डिलीवरी**- असली शॉपिंग एप जैसी मिलती-जुलती फर्जी वेबसाइट बनाते हैं। खरीदारी करने पर लोगों के पास फर्जी या गलत प्रोडक्ट पहुंचाते हैं।
- **लोन व कार्ड स्कैम** : ठग वेबसाइट और इंटरनेट मीडिया पर कम दस्तावेजों में पर्सनल लोन व क्रेडिट कार्ड बनाने का झांसा देकर ठगी करते हैं। साथ ही लोन के रूप में छोटी राशि देकर वसूली के नाम पर गाली-गलौज करने के साथ धमकी देकर पैसे वसूलते हैं।
- **बदनामी का डर दिखाकर ठगी** - इस तरह की ठगी करने जालसाज लोगों से वाट्स एप कॉल कर संपर्क कर उनसे लड़की बन बातचीत करते हैं और अपना न्यूड वीडियो दिखाते हैं। इस दौरान वीडियो का स्क्रीन शॉट लेकर पैसों की मांग करते हैं। पैसे नहीं देने पर फोटो, वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर बदनामी का भय दिखाकर ठगी करते हैं।

---

# मौसम की अठखेलियां, 5 डिग्री चढ़ा बलरामपुर का पारा अब नीचे उतरेगा

- शहर में दो डिग्री की वृद्धि के बाद फिर गिरावट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जनवरी के दूसरे सप्ताह में ठंड का उतार-चढ़ाव जारी है। पिछले चौबीस घंटे हवा में नमी की मात्रा बढ़ने से बलरामपुर में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री और शहर का पारा दो डिग्री तक बढ़ गया। दिनभर ठंड का असर कम रहने के बाद भी पारा नीचे उतरने से ठंड की दो दिन वापसी होने के आसार हैं।

आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 24 से 48 घंटे की अवधि में ठंड के असर में बदलाव हो रहा है। ऐसा ही कुछ प्रदेश में रविवार को महसूस हुआ। हवा में नमी की मात्रा बढ़ने से पिछले तीन दिन से शीतलहर का प्रकोप झेल रहे बलरामपुर में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात राहत रही। वहां का तापमान चार से बढ़कर नौ डिग्री तक पहुंच गया। वहीं राजधानी के ▶▶ शेष पेज 11 पर

### इतना चढ़ा पारा

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 15.5 | +2 |
| माना | 14.3 | +1 |
| बिलासपुर | 14.0 | +1 |
| पेंड्रा | 12.4 | +1.7 |
| अंबिकापुर | 11.1 | +2 |
| जगदलपुर | 12.2 | +1 |

### दो दिन रहेगी धुंध

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले दो दिन तक सुबह के वक्त ठंड के साथ धुंध का असर भी रहने की संभावना है। मध्य हिस्से में तो इसका असर कम रहेगा, मगर यह उत्तरी हिस्से को ज्यादा प्रभावित कर सकता है। अनुमान है कि मौसम में अभी बड़ा बदलाव संभव नहीं है। माह के तीसरे अथवा चौथे सप्ताह में प्रदेश में ज्यादा ठंड पड़ने की संभावना बन रही है।

---

### इक बगल में चांद होगा...



**रायपुर।** गायक और अभिनेता पीयूष मिश्रा रविवार को अपने बल्लीमारान बैंड के साथ मोवा स्थित रामा वर्ल्ड में लाइव प्रस्तुति दी। हरिभूमि कार्यक्रम का मीडिया पार्टनर रहा। कार्यक्रम में पीयूष ने अपनी दिलकश आवाज से युवाओं को झूमने मजबूर कर दिया। उन्होंने अपने हिट गाने 'एक बखत की बात बताएं, जब शहर हमारा सो गया था..., इक बगल में चांद होगा, इक बगल में रोटियां...' गाने के साथ जीवन का फलसफा सुनाया।

# दूध पावडर से पनीर बनाने वाला पानी निकला बेहद खतरनाक, टीडीएस तीन गुना ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

दूध पावडर, वनस्पति घी और घटिया खाद्य तेल से पनीर बनाने उपयोग किया जाने वाला पानी बेहद खतरनाक था। आमतौर पर प्रतिलीटर में तीन सौ ग्राम टीडीसी वाले पानी को पीने योग्य माना जाता है, मगर वहां के पानी में 900 टीडीएस था। खाद्य विभाग को दोनों फैक्ट्री से लिए गए सैंपल की जांच रिपोर्ट मिल गई है, जिसके आधार पर मामला तैयार किया जाएगा।

खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने बिरगांव और निमोरा में पनीर बनाने वाले दो ठिकानों पर दबिश देकर 6500 किलो पनीर जब्त ▶▶ शेष पेज 11 पर



### जांच टीम को मिली पनीर के सैंपल की रिपोर्ट, बंद हैं दोनों फैक्ट्रियां



### पैकिंग में भी गलत जानकारी

अफसरों के मुताबिक, दोनों कंपनियों द्वारा पनीर की पैकिंग आकर्षक ढंग से की गई थी। नियम के मुताबिक पैकिंग में खाद्य पदार्थ के पोषणकारी तत्वों और उसकी मात्रा का वास्तविक उल्लेख किया जाना जरूरी है। दोनों कारोबारियों ने इस नियम की अनदेखी भी की थी, जिसे भी प्रकरण में शामिल किया जाएगा।

---


दूसरी किस्त अदा करने पर राज्य सरकार ने लगाई रोक

*राज्य सरकार ने जारी किया आदेश*

# कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोपियों को नहीं मिलेगी मिलिंग की बकाया प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोपियों को धान की मिलिंग के लिए मिलने वाली प्रोत्साहन राशि की दूसरी किस्त अदा नहीं की जाएगी। राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में साफ किया गया है कि ऐसे राइस मिलर्स, जिनके विरुद्ध ईओडब्ल्यू-एसीबी में प्रकरण दर्ज हैं, उन्हें द्वितीय किस्त की प्रोत्साहन राशि प्रदाय न की जाए। राज्य में कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोपियों के खिलाफ ही ईओडब्ल्यू- एसीबी में प्रकरण दर्ज हैं।



### इन मिलरों को मिलेगी राशि

राज्य के ऐसे मिलर्स, जिनके द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में कस्टम मिलिंग के लिए उठाए गए धान की संपूर्ण कस्टम मिलिंग कर चावल जमा किया गया है। ऐसे राइस मिलर्स, जिनका खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में जमा किए जाने के लिए शेष कस्टम मिलिंग चावल की राशि का समायोजन अनुबंध के प्रावधानों के तहत 30 दिसंबर 2024 तक हो चुका है।

खाद्य विभाग ने यह आदेश दरअसल खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में राइस मिलों को लंबित प्रोत्साहन राशि दिए जाने के संबंध में जारी किया है। साथ ही इसी आदेश में ये भी लिखा गया है कि किन मिलरों को यह प्रोत्साहन राशि नहीं दी जानी है। राज्य शासन ने कुछ समय पहले मंत्रिपरिषद की बैठक में यह निर्णय लिया था कि खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में उपार्जित एवं राज्य शासन द्वारा संधारित शासकीय धान की अरवा-उसना कस्टम मिलिंग पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित मिलिंग दर के अतिरिक्त वर्ष 2022-23 में प्रोत्साहन राशि की द्वितीय किस्त का भुगतान किया जाना है।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### विवेकानंद जयंती पर कल विविध कार्यक्रम होंगे

**तरपोंगी।** विवेकानंद आश्रम सेवा समिति ग्राम भूमिया में 14 जनवरी को सुबह 11 बजे से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिसमें स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी एवं उद्देश्यों पर छात्रों के द्वारा भाषण प्रतियोगिता आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी होंगे। विशिष्ट अतिथि भाजपा रायपुर जिला शहर उपाध्यक्ष आशु चंद्रवंशी, जनपद सदस्य शत्रुहन यद्धु, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस तिल्दा ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू, हाई स्कूल भूमिया के प्राचार्य चित्ररेखा ध्रुव, लखना सरपंच श्यामा बालाराम साहू होंगे।

### ब्लाक कांग्रेस कमेटियों की होगी आज बैठक

**आरंग।** राजीव भवन आरंग में 13 जनवरी को दोपहर 12 बजे एवं यादव भवन मंदिरहसौद में दोपहर 02 बजे आगामी नगरीय निकाय चुनाव के संदर्भ में आवश्यक बैठक रखी गई है। आरंग के बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधोराम वर्मा के साथ आरंग नगर पालिका चुनाव प्रभारी राजेंद्र साहू उपस्थित रहेंगे। वहीं मंदिरहसौद में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधोराम वर्मा के साथ मंदिरहसौद नगर पालिका चुनाव प्रभारी सुनील महेश्वरी उपस्थित रहेंगे। ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग अध्यक्ष कोमल सिंह साहू ने बैठक में सभी वरिष्ठजन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, पार्षदगण, पूर्व एल्डरमैन, छाया पार्षदगण सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित कांग्रेस जनों को शामिल होने की अपील की।

**सम्मेलन : युवतियों ने नशा मुक्त और आत्मनिर्भर जीवनसाथी की कामना की**

# सतनामी समाज के सम्मेलन में दिया 1100 युवक-युवतियों ने परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद





> ■ युवको ने परिवार के सम्मान के साथ हर कदम पर साथ देने वाली जीवनसाथी की इच्छा जाहिर किया

सतनामी उत्थान एवम जागृति समिति द्वारा प्रदेश स्तरीय सतनामी युवक युवती परिचय सम्मेलन रविवार को खालसा स्कूल परिसर रायपुर में संम्पन्न हुआ।यह आयोजन का 24 वा वर्ष है जहाँ कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु घासीदास जी की छायाचित्र पर दीप प्रचलित कर किया. जिसमे छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ साथ महाराष्ट्र,उड़ीसा, मध्यप्रदेश,दिल्ली व अन्य राज्यों से शादी योग्य युवक युवती ने बड़ी संख्या में भाग लिया ।

वहीं अधिक संख्या में अभनपुर आरंग, धरसीवा से युवक युवती सम्मिलित हुए, समिति के प्रदेशाध्यक्ष जयबहादुर बंजारे ने बताया कि पंचायत सम्मेलन की शुरुआत गुरु अमर दास गुरुद्वारा परिसर बाराडेरा से सन 2000 में शुभारंभ किया गया. जहां गिनती के लोग शामिल हुए थे. वही लड़कियां परिचय सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए संकोच करती थी. लेकिन अब परिचय सम्मेलन में बेझिझक निर्भीक होकर अपना परिचय देता है. वहीं अब समाज में बेटियां काफी शिक्षित समझदार हो गई है जहां अब पालको को उसके योग्य युवक की तलाश करने में मेहनत करना पड़ रहा है. जिसके लिए सामाजिक परिचय सम्मेलन एक उपयुक्त प्लेटफॉर्म है. जहां एक मंच के नीचे हजारों की संख्या में युवक युवती व परिजन सम्मिलित होते हैं और अपना एक दूसरे का परिचय देते हैं. इस प्रकार के परिचय सम्मेलन का आयोजित होने से समाज को अपने बेटी बेटियों भाई बहिनों के रिश्ते तय करने में आसानी होती हैं। जिससे समय और पैसे की बर्बादी बच सकते है। डॉ भारत भूषण कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ मीनू केशकर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सरिता स्टाप रविंद्र कुमार खुटे के द्वारा मेडिकल शिविर लगया जिसमें जनरल चेक बी पी शुगर अन्य चेकअप कर मेडिसिन व सलाह दिया गया। युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने वालों में प्रदेश अध्यक्ष जय बहादुर बंजारे, प्रदेश संरक्षक सरजू प्रसाद घृतलहरे, प्रदेश संरक्षक बीआर बंजारे,पूर्व सांसद रेशम लाल जांगड़े,प्रदेश पदाधिकारी कृष्ण कुमार बरमाल, डीडी भारती, पृथ्वीराज बघेल, प्रदेश मिडिया प्रभारी महेश ढ़ीढ़ी,पप्पू बंधे, अश्विनी त्रिवेन्द्र, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम टांडे, शंकर कुमार सोनवानी, जे आर सोनी, अंजली बरमाल, सुशीला सोनवानी, शकुन्तला बंजारे,चम्पा देवी गेंदले द्रौपदी जोशी, महेश घृतलहरें ,सुरेश कुर्रे , दुर्गा प्रसाद महेश्वर,उषा सोनवानी, रघुनाथ भारद्वाज, प्रदेश मिडिया प्रभारी महेश ढ़ीढ़ी व अन्य समाजिक जन सम्मिलित हुए ।

### वही 50 जोड़ों के बीच हुई आपसी बातचीत

परिचय सम्मेलन में प्रदेश के कोने कोने से सतनामी समाज के लोग अपने बच्चों का रिश्ते तय करने के लिए आए। इस दौरान 1100 लोगों ने आवेदन किए। जिसमें सबसे ज्यादा युवती प्रतिभागी 850 और युवक प्रतिभागी 250 ने इस परिचय सम्मेलन में अपना परिचय दिया।जिसमें 50 जोड़ों के बीच शादी के लिए बातचीत हुई ।

### एक दूसरे का सम्मान करें

सम्मेलन में युवतियों ने अपनी मनपसंद के संबंध में उन्होंने कहा कि नशापान नही करने और अपने गवर्नमेंट व प्राइवेट जॉब तथा खुद का व्यवसाय वाले हो तथा एक दूसरे का सम्मान करे। वही लड़कों ने भी अपना बात रखे जिसमें माता पिता परिवार को समझें और सम्मान करें . जो संस्कारी,शिक्षित हो और कदम से कदम मिलाकर चलने वाले वधु की कामना की ।

# चरित्र पर शंका, पत्नी की हत्या की एवं आरोप में पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

> ■ पति ने ही रस्सी से गला दबाकर जान लेने के बाद रचा था स्वांग

ग्राम गौरभाट में संदिग्ध परिस्थितियों में यशोदा साहू की मौत का आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि 07 जनवरी को यशोदा साहू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे थे, जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अंतिम संस्कार रोककर फॉरेंसिक जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने संदेहियों से कड़ाई से पूछताछ शुरू की, जिसमें मृतिका यशोदा साहू के पति शेखर साहू को टूटते देर नहीं लगी। बताए अनुसार आरोपी पति शेखर साहू सरकारी राशन दुकान में सेल्समैन का काम करता था। 06 जनवरी को दोपहर एक बजे जब वह खाना खाने अपने घर आया, तब यशोदा मोबाइल पर अपनी मां से बात कर रही थी, शेखर को लगा कि वह किसी दूसरे व्यक्ति से बात कर रही है। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया, विवाद इतना बढ़ गया कि शेखर साहू ने रस्सी से यशोदा साहू का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शेखर को पहले से ही अपनी पत्नी के चरित्र को लेकर शंका थी। इसी वजह से दोनों के बीच आए-दिन विवाद होते रहता था।



### पति ने आत्महत्या की बनाई कहानी

हत्या को सामान्य मौत बताने के लिए आरोपी ने मृतिका यशोदा के मायके वालों को चक्कर खाकर गिरने से मौत की वजह बताई, जबकि गांव वालों को बाथरूम में फिसलकर गिर जाने से मौत की झूठी कहानी बताई। 07 जनवरी को मृतिका यशोदा साहू के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू हो गई थी, अंतिम दर्शन के लिए लोग इकट्ठा हुए इस दौरान मृतिका के गले में फंदे के निशान देखने से मौत की वजह कुछ और होने की आशंका जताते हुए किसी ने इसकी सूचना आरंग पुलिस को दे दी। आरंग पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और गौरभाट मुक्तिधाम से मृतिका यशोदा साहू के शव को कब्जे में लेकर शव की फॉरेंसिक टीम से जांच कराई और मेकाहारा में विशेषज्ञ डॉक्टर से पोस्टमार्टम कराया गया। आरोपी पति पुलिस के सामने में पत्नी द्वारा साड़ी के फंदे से आत्महत्या करने की कहानी गढ़ने लगा। पोस्टमार्टम में हत्या की पुष्टि होने पर आरंग पुलिस ने मृतिका के रिश्तेदारों, ग्रामीणों से पूछताछ की। शक के आधार पर मृतिका यशोदा साहू के पति शेखर साहू को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है. अब आरंग पुलिस आरोपी पति को रिमांड पर भेजने की तैयारी में जुटी है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर सशिमं छात्रों ने निकाली रैली



**तरपोंगी।** सरस्वती शिशु मंदिर तरपोंगी में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त भैया बहनो के द्वारा रैली निकली गई। विद्यालय के भैया बहन स्वामी विवेकानंद के वेशभूषा में आए। विद्यालय के प्रधानाचार्य, दीदी एवं आचार्य द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र का पूजन अर्चन किये। भानुमति सिन्हा दीदी के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य तुलसीराम वर्मा ने हिंदू धर्म, भारतीय दर्शन शास्त्र का विस्तार से जानकारी दिए। स्थानीय बाजार चौक में बड़ी संख्या में पालक गण व ग्रामीण उपस्थित थे।

### नेचर के बीच शहर...

लग्जरी रिसॉर्ट होगा। इसमें आधुनिक सुविधा भी मिलेगी। विभाग ने एजेंसी को मोटल्स को संवारने और संचालन शुरू करने डेढ़ साल का समय दिया था। वर्तमान में दुर्ग, रायगढ़ और कोरिया में ही मोटल्स शुरू हुए हैं। बचे 11 मोटल्स का अब संचालन शुरू होगा। हरिभूमि रिसोर्ट का जायजा लेने माना तूता पहुंचा। यहां स्विमिंग पूल के साथ ओपन रेस्टोरेंट की सुविधा मिलेगी। लोग खाना खाने भी यहां आ सकते हैं। यहां 8 कॉटेज हैं, जिसमें बालकनी भी है। आकर्षक डिजाइन लोगों को लुभाएगी। भविष्य में इस रिसोर्ट में शादियां भी हो सकती हैं। बता दें कि राजधानी में नेचर के बीच रिसोर्ट की सुविधा नहीं है। यह रिसोर्ट चारों तरफ पेड़ों से घिरा हुआ है। पहले मोटल्स में सुविधाएं नहीं होने से लोगों ने आना बंद कर दिया था, लेकिन लीज पर देने के बाद एजेंसी इसे

पेज 09 के शेष...

नया रूप दे रही है।

### माता कौशल्या धाम में...

करने की तैयारी है। दोनों तालाब के समीप इस रिसॉर्ट को बनाया गया है, जिसमें लोगों को ठहरने के लिए कमरों की सुविधा मिलेगी।

### हर घंटे दो लोग...

साइबर ठगी से बच सकते हैं। साइबर ठगों का नया पैंतरा डिजिटल अरेस्ट : ऑनलाइन ठगी करने वाले जालसाज लोगों को भय दिखाकर मोटी रकम ऐंठने डिजिटल अरेस्ट को नया पैंतरा बना रहे हैं। लोगों को उनके पुत्र-पुत्री, परिजनों के किसी अपराध में फंसे होने का भय दिखाकर रकम की उगाही कर रहे हैं। इसके अलावा लोगों को उनके नाम से पार्सल में ड्रग आने का झांसा देकर गिरफ्तारी का भय दिखाकर फर्जी ऑनलाइन अरेस्ट वारंट वाट्स एप पर भेजकर फर्जी कोर्ट बैठाकर ठगी का शिकार बना रहे हैं।

### मौसम की अठखेलियां...

तापमान में दो डिग्री की तब्दीली हुई और आंकड़ा 13 से बढ़कर 15 डिग्री पर पहुंच गया। पारा चढ़ने से दिन में थोड़ी गर्मी महसूस हुई, मगर शाम होते ही वातावरण में मौजूद नमी की मात्रा कम हो गई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले दो दिन तक पुनः उत्तर में चार और मध्य इलाके में तापमान में दो डिग्री की गिरावट आने के आसार बन रहे हैं, इससे प्रदेश में ठंड पुनः अपनी सामान्य स्थिति में वापस आ जाएगी। तापमान में वृद्धि का ट्रेंड पुनः 15 जनवरी के बाद शुरू होने के आसार बन रहे हैं।

### दूध पावडर से पनीर...

किया था। कार्रवाई के बाद दोनों फैक्ट्रियों को सील कर दिया गया था, जहां अभी भी काम बंद है। जांच और कार्यवाही के दौरान पनीर की जब्ती के बाद सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए थे, जिसकी रिपोर्ट खाद्य विभाग की टीम को मिल गई है। अफसरों के अनुसार सभी सैंपल अमानक पाए गए हैं, इसमें सबसे ज्यादा जोखिम पनीर बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले पानी का था। मानक के अनुसार उस पानी को पीने योग्य माना जाता है, जिसमें प्रति लीटर तीन सौ मिलीग्राम टीडीएस पाया जाता है। वहां से लिए गए सैंपल में 900 टीडीएस था, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक था। इसके अलावा पनीर बनाने के लिए दूध के बजाय मिल्क पावडर और वनस्पति घी तथा खाद्य तेल मिलाया जाता था, जिससे उसमें फैट की मात्रा काफी अधिक थी। अधिकारियों का कहना है कि इस रिपोर्ट के आधार पर आने वाले दिनों में दोनों संस्थान के संचालकों के खिलाफ मामला तैयार कर जिला दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया जाएगा। **कई तरह से कर सकते हैं बीमार:-** विशेषज्ञों के मुताबिक, पानी में टीडीएस के मात्रा अधिक होने से स्वास्थ्य संबंधी की परेशानी हो सकती है। इसके उपयोग से त्वरित रूप से पेट में जलन, दस्त, जी-मिचलाना और उल्टी की समस्या हो सकती है। लगातार उपयोग से पथरी, हृदय संबंधी बीमारियां, दांतों से संबंधी दिक्कत हो सकती है। **क्या था मामला** खाद्य और औषधि विभाग की टीम ने वर्ष 2024 के अंतिम दो दिन में बिरगांव के काशी एग्रो फूड्स और निमोरा के एसजे मिल्क प्रोडक्ट्स में दबिश देकर नकली पनीर बनाने का मामला पकड़ा था। छापेमारी के दौरान वहां बाजार में सप्लाई के लिए तैयार 6500 किलो पनीर बरामद किया गया था और जांच के बाद फैक्ट्रियां सील की गई थीं।



## खबर संक्षेप

### सीएम साय आज दंतेवाड़ा-सुकमा कोण्डागांव के दौरे पर

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 13 जनवरी सोमवार को दंतेवाड़ा जिले के



बड़े बचेली, सुकमा एवं कोण्डागांव के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री इस दौरान तीनों जिलों में वृहद पैमाने पर विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री कोण्डागांव में रोड शो में शामिल होंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार वे 13 जनवरी को पुलिस परेड ग्राउंड रायपुर से सुबह 10.05 बजे हेलीकॉप्टर से दंतेवाड़ा जिले के बड़े बचेली जाएंगे और वहां पूर्वान्ह 11.30 बजे से आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास एवं भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री इसके पश्चात हेलीकॉप्टर से दोपहर 12.40 बजे सुकमा जिला मुख्यालय पहुंचेंगे और वहां मिनी स्टेडियम में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। वे अपरान्ह 3 बजे कोण्डागांव पहुंचेंगे और वहां रोड शो में शामिल होने के पश्चात स्टेडियम ग्राउंड विकास नगर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। कोण्डागांव से शाम 5.15 बजे पुलिस परेड ग्राउंड रायपुर लौट आएंगे।

### रमेश ठाकुर कल करेंगे शपथ ग्रहण

रायपुर। रायपुर शहर जिला भाजपा के नए अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर 14 जनवरी को अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। उनके निवास से लेकर जिला कार्यालय एकात्म परिसर तक रैली निकाली जाएगी। जगह-जगह नए अध्यक्ष का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद एकात्म परिसर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम होगा।

### जय श्रीराम सेना संगठन ने जलाया गौ तस्करों का पुतला

रायपुर। बीते दिनों राजधानी रायपुर के मोमिनपारा क्षेत्र में भारी मात्र में गोमांस बरामद किया गया था, जिससे हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुईं। आक्रोशित गो-सेवकों ने रैली निकालकर बूढ़ातालाब चौक पर आरोपियों का पुतला दहन किया और डीजीपी के नाम ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के पूरे नेटवर्क का खुलासा करने एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान हर्ष मिश्रा, अंकित द्विवेदी, गौरव सोलंकी, गोलू साहू, रामा साहू, विष्णु शर्मा, विक्की यादव, देवराज व जय श्रीराम सेना रायपुर के सदस्य उपस्थित रहे।


### डीएलएड के लिए आज से नामांकन

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष के लिए नामांकन तिथि सहित परीक्षा फॉर्म भरने की तारीखों की घोषणा कर दी है। जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार, डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष के लिए नामांकन फॉर्म 3 से 18 जनवरी तक भरे जाएंगे। इसे 3 से 18 फरवरी के मध्य मंडल कार्यालय में जमा करना होगा। इसके पश्चात 3 से 20 मार्च तक परीक्षा फॉर्म भरे जाएंगे। इसकी हार्डकॉपी 21 से 28 मार्च तक जमा करनी होगी। विलंब शुल्क के साथ 1 से 9 अप्रैल तक का समय दिया जाएगा।

## निधन

### लखमशी वीरा

रायपुर। बालाजी गार्डन फाफाडीह



निवासी लखमशी नानजी वीरा (81) का 12 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 जनवरी को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजेश एल. वीरा, पल्लवी सांवला के पिता और परेश भाई सांवला के ससुर थे।



### अजय उके

रायपुर। जनता कॉलोनी गुढ़ियारी अजय उके (50) का 12 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया।

### लीला देवी जेसवानी

रायपुर। भाठागांव निवासी लीला देवी जेसवानी का निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा 13 जनवरी को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे राजा, रमेश व अनिल जेसवानी की माता थीं।

# मुख्यमंत्री साय ने कहा- निष्ठा और ईमानदारी से मिलती है सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को युवा महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर साइंस कॉलेज स्थित पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब देश और प्रदेश के भविष्य हैं। एक सपना लेकर कि आप किस रूप में देश और प्रदेश की सेवा करना चाहते हैं, उसे हासिल करने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से पढ़ाई करें। छत्तीसगढ़ राज्य में तकनीकी, मेडिकल, लॉ, मैनेजमेंट से संबंधित उच्च स्तरीय शैक्षणिक संस्थान हैं। प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी के लिए रायपुर में नालंदा परिसर युवाओं के चौबीसों घण्टे खुला है। नालंदा परिसर की तर्ज पर राज्य के अन्य जिलों में भी हाईटेक लायब्रेरी की स्थापना हम कर रहे हैं, जहां ऑनलाइन-ऑफलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मटेरियल उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री ने बस्तर अंचल के युवाओं को देश और प्रदेश के विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आयोजित बस्तर ओलंपिक की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आयोजन की सराहना की है। उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद की जयंती की बधाई देते हुए कहा कि 1893 में अमेरिका के शिकागो में विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद ने सनातन धर्म के आदर्श, अध्यात्म और दर्शन पर अपने व्याख्यान से पूरी दुनिया को भारत का कायल बना दिया।

## युवा महोत्सव में मुख्यमंत्री ने किया युवाओं से संवाद

### सीएम ने सुनाई कहानी

उन्होंने इस सिलसिले में स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी एक छोटी सी कहानी सुनाई और कहा कि स्वामी विवेकानंद बनारस में एक सन्यासी के साथ जा रहे थे, उसी समय बहुत सारे बंदरों ने स्वामी जी को घेर लिया, ऐसी स्थिति में स्वामी जी न तो डरे न ही अपनी जगह से डिगे। इसका परिणाम ये हुआ कि सारे बंदर भाग गए। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि हमें भी



अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए अडिग रहना है। दृढ़संकल्प से सारी समस्याओं का समाधान निकलेगा।

### सुरक्षा और विकास के प्रतिबद्ध सरकार

मुख्यमंत्री श्री साय ने रायगढ़ के ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी की छात्रा श्रुति के सवालों के जवाब में कहा कि हमें सफलता के लिए अपना एक क्षेत्र चुनकर पूरी दृढ़ता और मनोयोग के साथ प्रयास करने से सफलता मिलती है। बस्तर में शांति और विकास के संबंध में राजकुमार कुरेटी के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर के नक्सल प्रभावित पांच जिलों में सुरक्षा और विकास को लेकर सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। इन जिलों में 39 सुरक्षा कैम्प की स्थापना और नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से लोगों को शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में डबल इंजन की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का देश से 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प है।

## 20 लाख के घर पर दो लाख कम लगेंगे

# अब 40 फीसदी स्थान पर निर्माण से रीयल एस्टेट के फ्लैट होंगे सस्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेशभर में अब रीयल एस्टेट की योजनाओं के तहत बनने वाले फ्लैट दस फीसदी तक सस्ते हो जाएंगे। इसके पीछे का एक बड़ा कारण यह है कि किसी भी योजना में पहले योजना की जमीन के 30 फीसदी हिस्से में ही फ्लैट बनाने की मंजूरी रहती थी, लेकिन अब प्रदेश सरकार ने इसे बढ़ाकर 40 फीसदी कर दिया है। ऐसे में अब ज्यादा स्थान पर फ्लैट बनने के कारण इनकी लागत कम हो जाएगी और लोगों को सस्ते घर मिलेंगे। जो फ्लैट इस समय 20 लाख का मिलता है, उसमें दो लाख कम लगेंगे। इसी तरह से ज्यादा कीमत वाले फ्लैट में ज्यादा बचत होगी। छोटे फ्लैट सस्ते होने का इसका फायदा मध्यम वर्ग को मिलेगा।

प्रदेश में अब तक फ्लैट बनाने के लिए किसी भी योजना में बिल्डरों को 30 फीसदी स्थान पर ही फ्लैट बनाने की मंजूरी थी, इसकी वजह से फ्लैट की लागत ज्यादा हो जाती है। बिल्डरों के मुताबिक, अगर एक लाख वर्गफीट में योजना में फ्लैट बनाने हैं तो इसका एफएआर दो लाख फीट होता है। ऐसे में 30 फीसदी स्थान पर बनाने की मंजूरी के हिसाब से 30 हजार वर्गफीट में फ्लैट बनाने पर सात मंजिल तक फ्लैट बनाने पड़ते थे, कई स्थानों पर इतनी मंजिल तक बनाने की मंजूरी नहीं रहती है, ऐसे में योजना में पांच मंजिल तक ही फ्लैट बन पाते हैं तो फ्लैट की लागत ज्यादा हो जाती है।

### अब लागत होगी कम

प्रदेश सरकार द्वारा 40 फीसदी स्थान पर फ्लैट बनाने की मंजूरी मिलने के कारण अब पूरा एफएआर मिल जाएगा तो फ्लैट की लागत कम हो जाएगी। बिल्डरों के मुताबिक, अब एक लाख वर्गफीट की योजना में 40 हजार वर्गफीट में फ्लैट बनेंगे तो पांच मंजिल तक पूरा एफएआर दो लाख वर्गफीट का मिल जाएगा। ऐसे में फ्लैट की लागत 10 फीसदी तक कम हो जाएगी तो ग्राहकों को इसका फायदा मिलेगा।



### महंगे फ्लैट पर ज्यादा फायदा

अपने राज्य में 20 लाख से लेकर एक करोड़ रुपए से भी ज्यादा कीमत के फ्लैट बनते हैं। ऐसे में अगर कोई 20 लाख का फ्लैट लेगा तो उनको योजना में दो लाख का फायदा होगा। इसी तरह से 50 लाख वाले फ्लैट में पांच लाख और एक करोड़ वाले फ्लैट में दस लाख कम लगेंगे।

### दस फीसदी कम में मिलेंगे फ्लैट

40 फीसदी स्थान पर फ्लैट बनेंगे तो लागत कम होने के कारण ग्राहकों को दस फीसदी कम कीमत पर फ्लैट मिल सकेंगे।

*-विजय नत्थानी, बिल्डर*

# छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज के फिर केंद्रीय अध्यक्ष बने अनुराग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज के वार्षिक अधिवेशन में 4200 मतदाताओं की उपस्थिति में दाऊ अनुराग अग्रवाल को पुनः सर्वसम्मति से केंद्रीय अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद श्री अग्रवाल ने कहा, आज चिरयुवा स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के दिन और सनातन के सबसे बड़े पर्व महाकुंभ की पूर्व संध्या पर यह आयोजन एक शुभ संकेत है कि छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज अपने साथ-साथ सर्व समाज के हित व प्रगति की राह पर तेजी से कार्य करेगा। उन्होंने पुनः संकल्प दोहराते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के पूर्वजों ने आज के मूल्य के अनुसार लगभग 70000 करोड़ की संपत्ति का दान किया है, उनका पुनः दानदाताओं की इच्छा के अनुसार सर्वहित में उपयोग के लिए सभी प्रकार के प्रयास किए जाएंगे।

■ कहा- विवाह पर प्री-वेडिंग शूट में फूहड़ता कड़ाई से रोकेंगे

नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने 100 बिस्तर वाले वानप्रस्थ आश्रम के निर्माण की संपूर्ण रूपरेखा समाज के सामने रखी। अधिवेशन में सर्वसम्मति से दाऊ अग्रवाल समाज में प्रस्ताव पारित किया कि विवाह पर प्री-वेडिंग शूटिंग में फूहड़ता कड़ाई से रोकी जाएगी। दाऊ अग्रवाल समाज के द्विवार्षिक कार्यकाल के खत्म होने पर केंद्रीय अध्यक्ष पद पर दाऊ अनुराग अग्रवाल, उपाध्यक्ष भिलाई के दाऊ गजेंद्र, राजिम के दाऊ श्याम, गुढ़यारी इकाई से दाऊ राजेश, बिलासपुर से सीता अग्रवाल, सचिव पद पर रायपुर से दाऊ जयप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद पर जगदलपुर से दाऊ अजय अग्रवाल, सहसचिव पद पर आरंग से दाऊ यशवंत, बिलासपुर से दाऊ संतोष, भिलाई से दाऊ केशव मुरारी, महिला सहसचिव निहारिका अग्रवाल, युवा प्रतिनिधि दाऊ आशीष अग्रवाल व महिला प्रतिनिधि के पद पर भाटापारा की विंध्या अग्रवाल निर्वाचित हुईं।

# आपसी रंजिश में हत्या तीन सगे भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुढ़ियारी कुकरी तालाब के पास रहने वाले युवक की हत्या के आरोप में पुलिस ने तीन सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह आपसी वाद-विवाद है। युवक की हत्या करने के बाद बदमाशों ने साक्ष्य छिपाने के लिए युवक की लाश को उसके घर के दरवाजे के पास छोड़ आए थे। घटना 28-29 दिसंबर रात की है।

■ 13 दिन पूर्व गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की घटना

सत्यनारायण बेरवंश की हत्या के आरोप में पुलिस ने गब्बू उर्फ योगेश ऊर्फ उगेश, बठवा उर्फ संजय तथा चुकरी उर्फ घांसीराम डहरिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को सत्यनारायण के साथ विवाद करने के बाद तीनों भाइयों मिलकर सत्यनारायण के साथ मारपीट कर उसके सिर पर लाठी से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। साक्ष्य छिपाने तीनों भाई मिलकर सत्यनारायण की लाश को उसके घर के दरवाजे के पास छोड़कर भाग गए।



### चोट के निशान के आधार पर पता चला कि हत्या हुई है

घटना के दूसरे दिन मृतक की बहन को उसके पड़ोसी ने सत्यनारायण की लाश घर के पास पड़े होने की सूचना दी। इसके बाद मृतक की बहन अपनी दो अन्य बहनों के साथ सत्यनारायण को उपचार के लिए अस्पताल ले गईं। सिर में अलग-अलग जगह चोट के निशान देखने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल के पास आसपास लोगों से पूछताछ की तो लोगों ने पुलिस को बताया कि सत्यनारायण का गब्बू तथा उसके भाइयों के साथ एक दिन पूर्व विवाद होते हुए देखा था। इसके बाद पुलिस ने तीनों भाइयों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने हत्या का अपराध कबूल किया।

# एक्सप्रेस-वे के ग्रिल काटकर कबाड़ियों को बेच रहे चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक्सप्रेस-वे पर सुगम आवाजाही के लिए रोड के दोनों तरफ ग्रिल लगाए गए हैं। रात में सुनसान तथा अंधेरा होने का फायदा उठाकर चोर सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए ग्रिल चोरी कर कबाड़ियों को बेच रहे हैं। ग्रिल चोरी होने की वजह से लोग किसी भी जगह से बेरोकटोक आवाजाही कर रहे हैं। इसके चलते एक्सीडेंट का खतरा बढ़ गया है। फुंडहर से लेकर रेलवे स्टेशन जाने के बीच एक दर्जन से ज्यादा जगहों पर लोहे के ग्रिल लगाए गए हैं। ग्रिल चोरी होने की घटना के बाद जिम्मेदार अब सुरक्षा के लिए दीवार खड़ी करने की बात कह रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, ग्रिल चोरी करने वाले तीन से चार दिन तक ग्रिल को आरी से घीरे-धीरे काटते हैं। उसके बाद ग्रिल को चारपहिया वाहन में लोड कर ले जाते हैं। चोरी करने वाले कबाड़ियों के साथ ग्रिल बेचने पहले सौदा करते हैं, उसके बाद ग्रिल चोरी करने जाते हैं।

■ ग्रिल चोरी होने से हादसे का खतरा

### पूर्व में सात किमी केबल हो चुके हैं चोरी

एक्सप्रेस वे पर चोर केवल ग्रिल चोरी नहीं कर रहे हैं। दो वर्ष पूर्व चोरों ने एक्सप्रेस-वे पर लगी स्ट्रीट लाइट, जिसमें पंडरी, राजातालाब से तेलीबांधा रिंगरोड तक करीब 7 किमी तक केबल चोरी कर ले गए थे। तब विभाग ने इसकी कीमत करीब 25 लाख रुपए बताई थी। केबल चोरी की थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी।

# एमपी की 'जॉनी वॉकर' राजधानी में बरामद, 37 लीटर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मध्यप्रदेश में बिकने वाली शराब जॉनी वॉकर राजधानी में बरामद की गया है। आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने इसके अलावा अन्य स्थानों पर कार्रवाई कर 37 लीटर शराब जब्त की है। अवैध शराब की बिक्री के मामले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

■ आबकारी विभाग की कार्रवाई

आला अधिकारियों के निर्देश पर आबकारी विभाग की टीम लगातार शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम का प्रयास कर रही है। इसके तहत अलग-अलग टीम को चार स्थानों में सफलता मिली। महावीर नगर में सुविधा विहार के पास रहने वाले राजेश मोटवानी के बारे में सूचना मिली वह शराब की अवैध बिक्री करता है। छापेमारी के दौरान उससे 12 बोतल जॉनी वॉकर रेड लेबल स्कॉच, 6 बोतल ब्लेंडर प्राइड विहस्की बरामद की गई। वहीं दूसरी टीम ने गंज इलाके के निवासी जमील खान को हिरासत में लेकर 30 पाव देशी मदिरा, ग्राम भूमिया तिल्दा निवासी आनंद पारधी से 79 पाव देशी मसाला एवं ग्राम जलसो तिल्दा निवासी धर्मेंद्र माल्या से 23 पाव मसाला मदिरा बरामद की है। आरोपियों से शराब बिक्री के लिए उपयोग में लाई गई दो बाइक भी जब्त की गई है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अल्ताफ खान, आबकारी उपनिरीक्षक कौशल सोनी, प्रकाश देशमुख एवं कमल कोड़ोपी शामिल रहे।

# एलीगेंस बिल्डिंग हादसे में टीम कर रही जांच, अब तक केस दर्ज नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वीआईपी रोड स्थित निर्माणाधीन अविनाश एलिगेंस बिल्डिंग हादसा मामले में पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। घटना किन कारणों से, किसकी लापरवाही से हुई, इसकी जांच के लिए कलेक्टर ने जांच टीम बनाई है। मृतकों का रविवार को पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। शनिवार दोपहर अविनाश एलिगेंस की निर्माणाधीन सातवीं मंजिल का छज्जा टूटने की वजह से चैली टूटकर गिर गई। इससे बिल्डिंग निर्माण कार्य में जुटे आठ मजदूर सातवीं मंजिल से नीचे गिर गए। इनमें से दो मजदूरों की मौत हो गई। छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका वीवाय अस्पताल में उपचार चल रहा है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार आधा दर्जन घायलों में चार की हालत गंभीर है।

■ घायलों के बयान के बाद पुलिस एफआईआर दर्ज करने की बात कह रही

### आवाजाही करने पर रोक

घटना के बाद बिल्डिंग मालिक ने घटनास्थल के पास आने-जाने पर रोक लगा दी है। साथ ही भवन निर्माण में जुटे मजदूरों की छुट्टी कर दी है। घटनास्थल के पास बिल्डिंग मालिक ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। साथ ही भवन निर्माण का काम पूरी तरह से रोक दिया गया है।

### तीन ब्लॉक में बन रहा था अपार्टमेंट

जिस जगह घटना हुई, वहां अविनाश एलिगेंस द्वारा तीन ब्लाक में भवन निर्माण कराया जा रहा था। पीछे की तरफ दो ब्लॉक जोड़ने ढलाई की जा रही थी। इसी दौरान कॉलम में मलमा का लोड ज्यादा होने की वजह से छज्जा भरभराकर गिर गया और चैली टूटकर नीचे गिर गई।

### नेचर के बीच शहर...

लग्जरी रिसॉर्ट होगा। इसमें आधुनिक सुविधा भी मिलेगी। विभाग ने एजेंसी को मोटल्स को संवारने और संचालन शुरू करने डेढ़ साल का समय दिया था। वर्तमान में दुर्ग, रायगढ़ और कोरिया में ही मोटल्स शुरू हुए हैं। बचे 11 मोटल्स का अब संचालन शुरू होगा। हरिभूमि रिसोर्ट का जायजा लेने माना तूता पहुंचा। यहां स्विमिंग पूल के साथ ओपन रेस्टोरेंट की सुविधा मिलेगी। लोग खाना खाने भी यहां आ सकते हैं। यहां 8 कॉटेज हैं, जिसमें बालकनी भी है। आकर्षक डिजाइन लोगों को लुभाएगी। भविष्य में इस रिसोर्ट में शादियां भी हो सकती हैं। बता दें कि राजधानी में नेचर के बीच रिसोर्ट की सुविधा नहीं है। यह रिसोर्ट चारों तरफ पेड़ों से घिरा हुआ है। पहले मोटल्स में सुविधाएं नहीं होने से लोगों ने आना बंद कर दिया था, लेकिन लीज पर देने के बाद एजेंसी इसे नया रूप दे रही है।

### माता कौशल्या धाम में..ण.

करने की तैयारी है। दोनों तालाब के समीप इस रिसॉर्ट को बनाया गया है, जिसमें लोगों को ठहरने के लिए कमरों की सुविधा मिलेगी।

## पेज 09 के शेष ...

### हर घंटे दो लोग...

साइबर ठगी से बच सकते हैं। **साइबर ठगों का नया पैंतरा डिजिटल अरेस्ट :** ऑनलाइन ठगी करने वाले जालसाज लोगों को भय दिखाकर मोटी रकम ऐंठने डिजिटल अरेस्ट को नया पैंतरा बना रहे हैं। लोगों को उनके पुत्र-पुत्री, परिजनों के किसी अपराध में फंसे होने का भय दिखाकर रकम की उगाही कर रहे हैं। इसके अलावा लोगों को उनके नाम से पार्सल में ड्रग आने का झांसा देकर गिरफ्तारी का भय दिखाकर फर्जी ऑनलाइन अरेस्ट वारंट वाट्स एप पर भेजकर फर्जी कोर्ट बैठाकर ठगी का शिकार बना रहे हैं।

### मौसम की अठखेलियां...

तापमान में दो डिग्री की तब्दीली हुई और आंकड़ा 13 से बढ़कर 15 डिग्री पर पहुंच गया। पारा चढ़ने से दिन में थोड़ी गर्मी महसूस हुई, मगर शाम होते ही वातावरण में मौजूद नमी की मात्रा कम हो गई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले दो दिन तक पुनः उत्तर में चार और मध्य इलाके में तापमान में दो डिग्री की गिरावट आने के आसार बन रहे हैं, इससे प्रदेश में ठंड पुनः अपनी सामान्य स्थिति में वापस आ जाएगी। तापमान में वृद्धि का ट्रेंड पुनः 15 जनवरी के बाद शुरू होने के आसार बन रहे हैं।

### दूध पावडर से पनीर...

किया था। कार्रवाई के बाद दोनों फैक्ट्रियों को सील कर दिया गया था, जहां अभी भी काम बंद है। जांच और कार्यवाही के दौरान पनीर की जब्ती के बाद सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए थे, जिसकी रिपोर्ट खाद्य विभाग की टीम को मिल गई है। अफसरों के अनुसार सभी सैंपल अमानक पाए गए हैं, इसमें सबसे ज्यादा जोखिम पनीर बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले पानी का था। मानक के अनुसार उस पानी को पीने योग्य माना जाता है, जिसमें प्रति लीटर तीन सौ मिलीग्राम टीडीएस पाया जाता है। वहां से लिए गए सैंपल में 900 टीडीएस था, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक था। इसके अलावा पनीर बनाने के लिए दूध के बजाय मिल्क पावडर और वनस्पति घी तथा खाद्य तेल मिलाया जाता था, जिससे उसमें फैट की मात्रा काफी अधिक थी। अधिकारियों का कहना है कि इस रिपोर्ट के आधार पर आने वाले दिनों में दोनों संस्थान के संचालकों के खिलाफ मामला तैयार कर जिला दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया जाएगा। ***कई तरह से कर सकते हैं बीमार:*** विशेषज्ञों के मुताबिक, पानी में टीडीएस के मात्रा अधिक होने से स्वास्थ्य संबंधी की परेशानी हो सकती है। इसके उपयोग से त्वरित रूप से पेट में जलन, दस्त, जी-मिचलाना और उल्टी की समस्या हो सकती है। लगातार उपयोग से पथरी, हृदय संबंधी बीमारियां, दांतों से संबंधी दिक्कत हो सकती है। ***क्या था मामला :*** खाद्य और औषधि विभाग की टीम ने वर्ष 2024 के अंतिम दो दिन में बिरगांव के काशी एग्रो फूड्स और निमोरा के एसजे मिल्क प्रोडक्ट्स में दबिश देकर नकली पनीर बनाने का मामला पकड़ा था। छापेमारी के दौरान वहां बाजार में सप्लाई के लिए तैयार 6500 किलो पनीर बरामद किया गया था और जांच के बाद फैक्ट्रियां सील की गई थीं।

# मरीजों को गर्मी में कूल रखने 40 एसी की जरूरत, एजेंसी तय नहीं, इसलिए खरीदी में लेटलतीफी

**आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन जेम पोर्टल से पूरी करना चाह रहा खरीदी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

गर्मी के दिनों में मरीजों को कूल रखने आंबेडकर अस्पताल में 40 एसी की खरीदी की योजना दो महीने बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा जेम पोर्टल की मदद से खरीदी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। दो महीने पहले स्वशासी समिति ने केजुअल्टी, सीटीवीएस विभाग और पेइंग वार्ड में एसी लगाने की सहमति दी थी।

जानकारी के अनुसार, आंबेडकर अस्पताल में कोविडकाल के बाद सीमित रूप से उपयोग हो रहे पेइंग वार्ड में इलाज कराने वाले मरीजों को सुविधा देने के लिए 26 एसी लगाने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही इमरजेंसी एंड ट्रामा में आपात स्थिति में आने वाले मरीजों और चिकित्सकों की सुविधा के लिए पुराने एसी बदलने के लिए 9 एसी तथा कार्डियक सर्जरी विभाग की ओपीडी, वार्ड सहित अन्य स्थानों के लिए पांच एसी खरीदी करने के लिए सहमति दी गई थी। दो महीने से ज्यादा का समय बीतने के बाद भी इसकी खरीदी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है।

अस्पताल प्रबंधन द्वारा खरीदी की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से करना चाह रही है, मगर इसके लिए अब तक सप्लायर एजेंसी तय नहीं हो पाई है। पेइंग वार्ड को छोड़ दिया जाए तो केजुअल्टी में लगे एसी काफी पुराने हो चुके हैं, जो आए दिन खराब हो जाते हैं। ठंड के मौसम में बिना एसी के इलाज चल जाता है, मगर गर्मी के दिनों में तकलीफ अधिक बढ़ जाती है।

■ केजुअल्टी, सीटीवीएस और पेइंग वार्डों में एसी लगाने मिली है स्वीकृति

### सुविधायुक्त एंबुलेंस खरीदी का इंतजार

आंबेडकर अस्पताल के लिए 2 एएलएस एंबुलेंस की खरीदी के लिए प्रक्रिया शुरू किए जाने का इंतजार किया जा रहा है। वर्तमान में अस्पताल में वेंटिलेटर सहित अन्य सुविधा वाली एंबुलेंस नहीं है, जिसकी वजह से कई बार अतिगंभीर मरीजों को अस्पताल से लाने ले जाने के लिए जोखिम उठाना पड़ता है। एंबुलेंस की खरीदी के लिए शासन से स्वीकृति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।



### डीके अस्पताल दे रहा राहत

आंबेडकर अस्पताल के रेडियो डॉयग्नोसिस विभाग में जांच के लिए आने वाले मरीजों को डीके अस्पताल से राहत मिल रही है। अफसरों की सहमति के बाद यहां के मरीजों को जांच के लिए वहां भेजा जा रहा है। इससे मरीजों की जांच की वेटिंग कम होकर एक से दो दिन हो चुकी है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन खरीदने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को पहले ही भेजा जा चुका है।

## खबर संक्षेप



### प्लाईवुड फैक्ट्री में शार्ट सर्किट से आग

**रायपुर।** बिरगांव के रिहायशी इलाके में संचालित एक फ्लाईवुड फैक्ट्री में रविवार सुबह 9 बजे के करीब शार्ट सर्किट से आग लगने की वजह से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं उरला पुलिस ने फैक्ट्री से सटे घरों को सुरक्षा की दृष्टि से खाली कराकर उन्हें सुरक्षित स्थान पर भेजा। बिरगांव में संचालित सिन्हा फर्नीचर के नाम से संचालित फैक्ट्री में आग लगने की घटना हुई। आग लगते ही प्लाई और फोम होने की वजह से आग तेजी से फैल गई। आसपास के लोगों ने फैक्ट्री के अंदर से धुआं उठते देखा तो फायर ब्रिगेड को कॉल कर घटना की जानकारी दी। सुबह रोड खाली होने की वजह से एक बड़ी घटना होने से बच गई।

### देशबंधु स्कूल में डिक्लेमेशन स्पर्धा



**रायपुर।** देशबंधु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में डिक्लेमेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामीजी के शिक्षादर्शन, खुशनुमा और बेहतर जिंदगी, स्त्रियों पर उनके विचार, विश्व धर्म महासभा में उनका ऐतिहासिक वक्तव्य और इंसानियत धर्म को सबसे ऊपर का दर्जा दिए जाने के उनके विचार आदि विषयों पर विद्यार्थियों के विचार प्रस्तुत किए गए। इस प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थी प्रथम स्थान स्वयं सोनी कक्षा बारहवीं एवं द्वितीय स्थान कक्षा ग्याहरवीं की कशिश साहू ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में पीसी साहू, धनंजय श्रीवास, पवन कुमार पटेल और जी. मोनिका, कार्यकारी प्राचार्य सुमित्रा महापात्र और कार्यक्रम संचालक एम. भवानी शामिल रहीं।

### प्रगतिशील यादव महासंघ का कैलेंडर विमोचित



**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ के नववर्ष कैलेंडर का विमोचन किया गया। यह विमोचन नगरीय प्रशासन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर राममणि यादव ने कबीर नगर संस्कृतिक भवन में किया। इस मौके पर महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस के सूत्र वाक्य...उठो, जागो और तब तक न रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए, की व्याख्या करते हुए जालान उत्कृष्ट महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरसिंह प्रसाद यादव ने यादव यूथ को अपना शैक्षणिक स्तर सुधारने, उस पर सतत क्रियाशील रहने और टार्गेट क्रैक करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर बृजलाल यादव, डॉ. प्रतीक्षा यादव, दीनानाथ यादव, वंदना यादव, परीक्षित यादव, सीए ऋषिकेश यादव, भारती यादव, प्रदीप यादव, सुखसेन यादव आदि उपस्थित थे।

### शहर से मोवा की तरफ जाने के लिए ओवरब्रिज, विधानसभा रूट से आने के लिए अंडरब्रिज

# 40 एमएम तक फिर उखाड़ रहे ओवरब्रिज की सड़क, अब मोवा रूट हफ्तेभर वनवे







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मोवा ओवरब्रिज का री-कंस्ट्रक्शन 3 से 6 जनवरी के बीच किया गया। इसके बाद लोक निर्माण के सेतु विभाग ने सड़क उखड़ने पर ट्रैफिक विभाग से सहमति लेकर ओवरब्रिज से आवाजाही को वनवे किया है। साथ ही जिस तरफ की नई डामर रोड उखड़ रही थी, उस तरफ से मिलिंग मशीन का उपयोग करते हुए 30 से 40 एमएम मोटी परत उखाड़ने के बाद एजेंसी फिर सड़क बनाने की तैयारी में है।इ सके चलते ओवरब्रिज पर करीब एक सप्ताह वनवे ही रहेगा।

रायपुर को बलौदाबाजार से जोड़ने वाले मोवा ओवरब्रिज से लोगों की आवाजाही एक बार फिर डायवर्ट रूट का हिस्सा बन गई है। 14 साल पुराने इस ओवरब्रिज का एक ही सप्ताह में दूसरी बार री-कंस्ट्रक्शन हो रहा है। इसके पहले एक महीने के लिए इस रूट को बंद कर प्रॉपर तरीके से री-कंस्ट्रक्शन करने की प्लानिंग में बदलाव करते हुए रात-दिन काम कर इस रूट को चार दिन में ही शुरू करा दिया गया। निर्माण के बाद सड़क उखड़ने से आवाजाही के लिए एक बार फिर से डायवर्ट रूट और वनवे रूट जोड़ा गया है। मोवा से आने वाले लोग अंडरब्रिज पर जाम से बचने मंडी के पास रेलवे फाटक पार कर शहर में एंट्री करने लगे हैं।

### अंडरब्रिज भी होगा वनवे

सोमवार से स्कूल बसों की आवाजाही के साथ ही ई-रिक्शा, आटो और छोटे-बड़े मालवाहकों की आवाजाही डायवर्ट रूट से ही शुरू होने वाली है। दलदल सिवनी, सड्डू, दुबे कॉलोनी, उरकुरा, बलौदाबाजार से आने वाले वाहनों का दबाव बढ़ेगा। हालांकि ओवरब्रिज को वनवे करने से इस रूट की दो दर्जन छोटी-बड़ी कॉलोनियों सहित आसपास के हजारों लोगों को भी अंडरब्रिज के रास्ते आने-जाने में परेशानी होने वाली है। हालांकि इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने पाइंट तय किया है।

### अंडरब्रिज-ओवरब्रिज वनवे

एक बार फिर से ओवरब्रिज की सड़क उखाड़ने का क्रम दोनों छोर से किया जा रहा है। 800 मीटर लंबे ओवरब्रिज का री-कंस्ट्रक्शन करने मार्ग को वनवे किया गया है। इससे शहर से विधानसभा की ओर जाने वाले वाहन चालकों को एंट्री दी जा रही है। वहीं दूसरे छोर यानी विधानसभा की तरफ से सिटी में प्रवेश करने के लिए मोवा अंडरब्रिज रूट को वनवे किया गया है। इस स्थिति को देखते हुए कार, भारी वाहनों को मंडी गेट के पास रेलवे फाटक से होते हुए आना-जाना पड़ रहा है। ट्रेनों की आवाजाही से लोगों का समय भी खराब हो रहा है।

### वर्किंग डे पर आज बढ़ेगा दबाव

वर्किंग डे के दौरान भी वनवे रूट का उपयोग करते हुए री-कंट्रक्शन होगा। इससे मोवा, सड्डू, दुबे कॉलोनी, विधानसभा जाने वाले वाहनों का दबाव बढ़ेगा। मोवा ओवरब्रिज पर वाहनों का दबाव ज्यादा होता है। इससे ओवरब्रिज की सड़क ज्यादा खराब होती है। एक बार फिर उखड़ी सड़क को क्लीन करने एक्सपर्ट के मार्गदर्शन में एजेंसी ने काम शुरू किया है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि इस काम को पूरा करने में 3 से 5 दिन लगेंगे। इसके पहले सड़क की परत उखाड़ने और नए सिरे से डामरीकरण के बाद भी सड़क की बजरी गिट्टी उखड़ रही थी।

### आंकड़ा 10 हजार तक भी नहीं पहुंचा

# आयुष्मान की तरह वय वंदना कार्ड में भी बुजुर्गों की दिलचस्पी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




■ जानकारी के अभाव में कार्ड बनवाने नहीं जा रहे वृद्ध

आयुष्मान योजना की तरह 70 साल से अधिक आयु वाले वय वंदना कार्ड बनवाने में भी दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। रायपुर जिले में करीब 89 हजार लोगों के कार्ड बनाने हैं, मगर आंकड़ा दस हजार तक भी नहीं पहुंचा है। इस कार्ड के धारकों को व्यक्तिगत रूप से पांच लाख रुपए तक उपचार की सुविधा मिलेगी।

इस योजना के पूर्व राशनकार्ड हितग्राहियों को श्रेणी के अनुसार से 50 हजार से पांच लाख रुपए तक का निशुल्क उपचार का लाभ मिलता है। 70 साल से अधिक आयु वालों को पांच लाख रुपए तक के उपचार का व्यक्तिगत लाभ देने के लिए वय वंदना योजना कार्ड की योजना लाई गई थी। रायपुर जिले में आचार संहिता की वजह से इसे बनाने की शुरुआत काफी देर से हुई। जिले में 88850 लोगों को कार्ड बनाने के लिए चिन्हित किया गया था, मगर योजना में लोगों की कम दिलचस्पी की वजह से कार्डधारकों की संख्या दस हजार तक नहीं पहुंच पाई है। सूत्रों का कहना है कि वय वंदना योजना के तहत कार्ड बनाने की सुविधा केवल आधारकार्ड के आधार पर दी जा रही है। चलने-फिरने में असमर्थ लोगों के आधारकार्ड के आधार पर रिश्तेदार अस्पताल जाकर वय वंदना कार्ड बनवा सकते हैं।

### सबके लिए कार्ड

इसे लेकर लोगों में कंफ्यूजन है कि आयुष्मान कार्डधारी को यह सुविधा नहीं मिलेगी। सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि 70 साल से अधिक आयु वाले सभी लोगों के लिए यह कार्ड बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत हितग्राही को व्यक्तिगत रूप से उपचार का लाभ मिलेगा, इसे किसी अन्य से साझा नहीं किया जा सकता।

### एनीकट निर्माण के लिए 2.77 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** राज्य शासन ने बस्तर जिले के कोटगढ़ नाला पर ग्राम पखनाकोंगेरा में मौलीमाता के पास एनीकट निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 77 लाख नौ हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से एनीकट निर्माण कार्य कराने मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## पत्नी की हत्या कर अंतिम संस्कार की तैयारी, पुलिस ने चिता से लाश उतारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ आरंग थाना क्षेत्र की घटना, आरोपी गिरफ्तार

चरित्र शंका के चलते पत्नी की हत्या कर लोगों को गुमराह करने के बाद अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे पति को आरंग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिस आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसने अपने गांववालों को तथा मृतका के मायके वालों को शौच करने जाते समय बेहोश होकर गिरने से मौत होने की झूठी कहानी बताई थी। दशोदा साहू की हत्या के आरोप में पुलिस ने शेखर साहू के गिरफ्तार किया है। शेखर के खिलाफ मृतका के भाई रूपेश ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रूपेश ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन ने उन्हें बताया था, उसका पति उसके चरित्र को लेकर संदेह करता है और उसके साथ मारपीट करता है। पिछले सप्ताह 6 जनवरी को दशोदा मोबाइल पर अपनी मां के साथ बात कर रही थी। शेखर को लगा कि उसकी पत्नी किसी गैर मर्द के साथ बात कर रही है। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। गुस्से में आकर शेखर ने अपनी पत्नी की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी।

*अस्पताल ले जाने का बहाना कर वापस लौटा : रूपेश ने पुलिस को बताया कि दशोदा की हत्या करने के बाद शेखर ने अपने परिजनों के साथ गांववालों को गुमराह करने कहा कि उसकी पत्नी शौच करने जाते समय बेहोश होकर गिर गई, जिसे वह उपचार कराने रायपुर ले जा रहा है। शेखर ने घटना की जानकारी अपने ससुराल वालों को नहीं दी। घटना की जानकारी मिलने पर ससुराल वाले शेखर के यहां पहुंचे तो शेखर अपनी पत्नी की लाश अंतिम संस्कार करने श्मशानघाट ले गया था और चिता में लिटाकर दाह संस्कार की तैयारी कर रहा था। इस दौरान रूपेश ने पुलिस को घटना की सूचना दी और अपनी बहन का अंतिम संस्कार रुकवाकर लाश पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाई।*

### राजधानी में सौंदर्यीकरण...



**रायपुर।** राजधानी में सौंदर्यीकरण के तहत तमाम निर्माण और विकास कार्य कराए जा रहे हैं। कहीं दीवारों पर पेंटिंग तो कहीं आकर्षक मूर्तियां स्थापित की जा रही हैं। इसी कड़ी में खालसा स्कूल के सामने चौक पर वनभैंसे की प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है।

राज्य शासन ने जारी किया आदेश

## सुब्रत को सहकारिता का अतिरिक्त प्रभार मौर्य को एमडी हस्तशिल्प बोर्ड का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ जगदीश एस. को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ प्रोजेक्ट डायरेक्टर चिराग परियोजना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया

भारतीय प्रशासनिक सेवा के छह अफसरों को उनके मौजूदा प्रभार के साथ कुछ विभागों के अतिरिक्त प्रभार सौंपे गए हैं। सुब्रत साहू अपर मुख्य सचिव को सहकारिता विभाग के एसीएस का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जयप्रकाश मौर्य को हस्तशिल्प विकास बोर्ड के प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

राज्य शासन ने इस संबंध में 12 जनवरी को आदेश जारी किया है। श्री मौर्य को प्रबंध संचालक हस्तशिल्प बोर्ड का प्रभार मिलने के साथ ही यशवंत कुमार इस बोर्ड के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे। इसी क्रम में आर. एक्का को विशेष सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। रजत बंसल को उनके वर्तमान दायित्व के साथ-साथ सुशासन एवं अभिसरण विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। कुंदन कुमार संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा अतिरिक्त प्रभार आयुक्त गृह निर्माण मंडल को आयुक्त गृह निर्माण मंडल के पद पर पदस्थ करते हुए सीईओ रायपुर विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जगदीश एस. को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ प्रोजेक्ट डायरेक्टर चिराग परियोजना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पूर्व में यह प्रभार रवि मित्तल आयुक्त जनसंपर्क तथा अतिरिक्त प्रभार सीईओ संवाद के पास अतिरिक्त प्रभार के रूप में था। अब श्री मित्तल प्रोजेक्ट डायरेक्टर चिराग परियोजना के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे।

## राजपत्रित अधिकारियों की मांग- प्रदेश में एक राज्य-एक भर्ती नियम करें लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ राजपत्रित अधिकारियों की समस्याओं पर अधिकारी संघ की आमसभा

छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ ने प्रदेश में एक राज्य-एक भर्ती नियम प्रणाली को लागू करने की मांग की है। आईएएस कैडर में एलायड सर्विस से 15 प्रतिशत अधिकारियों को पदोन्नति सहित कई मांगों पर पत्र व्यवहार करने का निर्णय लिया गया है। संघ की आमसभा में राजपत्रित अधिकारियों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा की अध्यक्षता में राजपत्रित अधिकारियों एवं सभी शासकीय कर्मचारियों सहित पेंशनरों को भी स्वास्थ्य सुविधा के लिए राज्य के मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों से कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान करने संबंधी चर्चा की गई। वहीं पूर्व मुख्य सचिव एसके मिश्रा की अध्यक्षता में गठित राज्य प्रशासनिक सुधार आयोग और वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने को लेकर चर्चा की गई। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आईएएस अवार्ड के लिए एलायड सर्विसेस के अधिकारियों को पदोन्नति का अवसर देने, राजपत्रित अधिकारियों का गोपनीय प्रतिवेदन, अचल संपत्ति विवरण ऑनलाइन करने की मांग की गई है, ताकि समय पर पदोन्नति एवं समयमान-वेतनमान का लाभ मिल सके।

*विभागीय सेटअप पुनरीक्षित करने की मांग : छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रवक्ता बालमुकुंद तम्बोली ने बताया कि बैठक में राज्य सरकार द्वारा समस्त विभागों के संभागीय कार्यालय स्थापित करने, राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अन्य प्रशासनिक विभागों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ नहीं करते हुए उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग अथवा राजस्व विभाग में ही पदस्थ करने, मंत्रालय की तरह समस्त विभागों के विभागीय सेटअप को पुनरीक्षित करने के साथ ही बैकलॉग एवं सेवानिवृत्त से रिक्त पदों की भर्ती तत्काल किए जाने की मांग की है। राज्य स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित करने के लिए पत्राचार करने का निर्णय लिया गया।*

## आरक्षण में ओबीसी के साथ अन्याय कांग्रेसियों ने सीएम का पुतला फूंका



**रायपुर।** भाजपा द्वारा पिछड़ा वर्ग को आरक्षण में वंचित करने का विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष उधोराम वर्मा के नेतृत्व में रविवार को तिल्दा में कांग्रेसजनों ने गुरु घासीदास चौक पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया गया।

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में 52 प्रतिशत आबादी पिछड़ा वर्ग की है, पिछले जिला पंचायत चुनाव में 7 जिला पंचायतों में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण मिला था, अभी 37 जिला पंचायत होने के बावजूद एक भी जिला पंचायत अध्यक्ष को पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित नहीं किया गया। यह 52 प्रतिशत बहुसंख्यक पिछड़ों का अपमान है, संविधान प्रदत्त अधिकार का हनन है, ये पिछड़ों के साथ सरासर अन्याय है, अपमान है। इनकी निंदा करते हुए विरोध प्रदर्शन सभी ब्लॉकों में किया जाएगा।

### ये रहे शामिल

पुतला दहन करने वालों में शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व सांसद छाया वर्मा, वरिष्ठ नेता दिनेश यदु, राम गिडलानी, देवदास टंडन, घनश्याम वर्मा, सुनील सोनी, राहुल तेजवानी, नीरज राठी, गजानंद वर्मा, मोती हिंदुजा, अजितेश शर्मा आदि शामिल रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


28 फरवरी से 11 मार्च 2025, 21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025, 09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 331,332,333 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



**लाइव इवेंट**

## नीति पढ़कर नहीं बन सकते चाणक्य इसके लिए त्याग और तपस्या जरूरी



**रायपुर।** शरीर में जो स्थान मस्तिष्क का है, वही समझ में ब्राह्मणों का है। रविवार को चाणक्य स्मृति दिवस के मौके पर वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छ.ग. की ओर से सिविल लाइन वृंदावन हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शंकराचार्य आश्रम रायपुर के प्रमुख आचार्य डॉ. इन्दुभावानंद, आईएनएच, हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, न.पा.नि. सभापति प्रमोद दुबे, व्याख्याता एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुधीर शर्मा, लेखक अजय आर्या ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान आचार्य डॉ. इन्दुभावानंद ने अपने संबोधन में समाज में ब्राम्हणों के महत्व बताया। उन्होंने समझाते हुए कहा कि शरीर में जो स्थान मस्तिष्क का है, वही समझ में ब्राम्हणों का है।

### जानना है तो चाणक्य के जीवन को जानो

कार्यक्रम में हरिभूमि, आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने सभा को संबोधित करते हुए चाणक्य के जीवन से सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि चाणक्य बनने के लिए तपस्या, त्याग जरूरी है, उनकी नीतियों को पढ़कर चाणक्य नहीं बना जा सकता। चाणक्य नीति का अर्थ सकारात्मक और नकारात्मक दोनों है, किंतु ब्राह्मण का स्वरूप कैसा होना चाहिए, ये आचार्य चाणक्य के जीवन में दिखाई देता है।

**सिटी इवेंट**

## हाथ पर चढ़ा प्लास्टर भी नहीं डाल पाया माधुरी के 'राधाएक्का' पात्र पर बाधा



**रायपुर।** बृहन्महाराष्ट्र मंडल के 37 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए बुरहानपुर से आ रही माधुरी नंदन कुलकर्णी दुर्घटना का शिकार हो गईं। उनके बायें हाथ पर प्लास्टर चढ़ाया गया। इसके बावजूद अधिवेशन के प्रत्येक सत्र में उनकी भागीदारी प्रशंसनीय रही। माधुरी ने महिला सत्र के सांस्कृतिक भाग में 'राधाएक्का' के पात्र को लेकर जबरदस्त एकल अभियान किया। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में आठ मिनट के मोनोलॉग के बाद देर तक तालियां बजती रहीं। इससे पहले माधुरी ने परिसंवाद 'आधुनिक युग की प्रतिस्पर्धा और हाथ से जाते बच्चे' विषय पर दिलचस्प तथ्यों के साथ अपने विचार रखें। वहीं, मराठी साहित्य सम्मेलन में उनकी पढ़ी कविता ने भी श्रोताओं पर खासा प्रभाव डाला।

### भारुड की प्रस्तुति में गजब का रहा कलाकारों का तालमेल

भोपाल के वृंदा ग्रुप के सदस्यों ने समान सफेद सलवार, कुर्ती, भगवा कमरपट्टा व पगड़ी पहनकर प्रस्तावना के साथ 'भारूड' की बेहतरीन प्रस्तुति दी। ग्रुप में शोभा परांजपे, स्वाति पाठकर, श्वेता केंदूलकर और समिता नागरीकर का तालमेल गजब का रहा। विद्या गोवर्धन ने भी छह मिनट के मोनो प्ले में लोगों को हंसाया। शिल्पा टोपे ने 'रायगढ़' का पूरी जीवंतता के साथ अभिवाचन किया। इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक समारोह का खूबसूरत वर्णन हुआ। महिला सत्र के सांस्कृतिक कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शताब्दी पांडे ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि देशभर के कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का यह एक बढ़िया मंच मिला।

**लाइव इवेंट**

## छत्तीसगढ़ी गीतों पर झूमे विद्यार्थी पारंपरिक नृत्य में संस्कृति की झलक



रायपुर। हीरापुर स्थित वामनराव लाखे उच्चतर माध्यमिक शाला और एसपी इंग्लिश मीडियम स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लोक आयोग, प्रमुख लोकायुक्त न्यायमूर्ति इंदर सिंह उबोवेजा और विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अतिथि लावण्य तिवारी व प्रबंध समिति सचिव अनिल तिवारी मौजूद थे। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ी फिल्म 'सुकवा' के निर्माता, निर्देशक, अभिनेता और अभिनेत्री एवं गायिका मौजूद रहीं।

### हुनर को अपनाएं छात्र

वहीं, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय की प्राचार्य, भारती यादव और एसपी इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्राचार्य आशा बोस, विष्णु महोबिया उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छात्रों को अपने अध्ययन के साथ देश का नाम रोशन करने की बात कही। अभिनेता मन कुरैशी ने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ एक विशेष हुनर जैसे खेल, गीत-संगीत, पेंटिंग, कला को अपनाए रखने की बात पर जोर दिया।

# वो पुराने दिन...दिन सुहाने दिन...आशिकाने दिन

### गायक व अभिनेता पीयूष मिश्रा की लाइव प्रस्तुति, हरिभूमि रहा मीडिया पार्टनर



सर्दी की ठंडी हवाओं के बीच नीले गगन से निहारता चांद और सुरम्य और शांत माहौल में रविवार को जब गायक और अभिनेता पीयूष मिश्रा ने जीवन का राग छेड़ा तो हर शख्स दिनभर की थकान भूल तरोताजा हो गया। मौका था हरिभूमि मीडिया पार्टनर पीयूष मिश्रा उड़नखटोला लाइव बैंड का, जिसमें देसी अंदाज के गानों पर युवाओं ने जमकर एंजॉय किया। कार्यक्रम में पीयूष ने अपनी दिलकश आवाज से युवाओं को झुमने पर ऐसा मजबूर किया की, लोगों को ठंडी का भी पता नहीं चला।

**पीयूष मिश्रा के उड़नखटोला लाइव बैंड पर युवाओं ने जमकर किया एन्जॉय**



**रायपुर।** मंच पर आते ही पीयूष मिश्रा ने खम्मा घणी... के साथ अपना परिचय देते हुए कहा, मेरे बैंड का नाम बल्लीमारान है। बल्लीमारान दिल्ली में मिर्जा गालिब के घर का नाम है। उसी से प्रेरित होकर मैंने अपने बैंड को ये नाम दिया। इसके बाद उन्होंने अपने हिट गाने 'एक बखत की बात बताएं जब शहर हमारा सो गया था..., इक बगल में चांद होगा, इक बगल में रोटियां...' गाने के साथ जीवन का फलसफा भी बताया।

### डेनमार्क और हैमलेट की कहानी पर सुनाया गाना

लाइव कांसर्ट में जब पीयूष ने जब 'एक वक्त की बात बताएं...' की प्रस्तुति शुरू की तो दर्शक उनके साथ खोते चले गए। उन्होंने 'वो सुहाने दिन...' सुनाया। यहां उन्होंने दर्शकों से बात करते हुए कहा कि ये गाना डेनमार्क और हैमलेट की कहानी है। ये प्रस्तुति इसलिए भी खास है कि मैं खुद को हैमलेट मानता हूं, भारत को डेनमार्क। इसके साथ ही उन्होंने फटा पैमाना लेकर.. विस्की.., की प्रस्तुति दी। उनकी हर प्रस्तुति में तालियां रुकती नहीं थी। जब तालियां रुकती तो पीयूष खुद कहते, जितनी ज्यादा तालियां होंगी, उतना ही मुझे गाने में मजा आएगा।

### हर गीत से पहले बांधी भूमिका



पीयूष मिश्रा के कार्यक्रम की खास बात यह भी रही कि उन्होंने हर प्रस्तुति से पहले उस गीतों के बारे में बताया और उसकी भूमिका के माध्यम से श्रोताओं को जोड़े रखा। उन्होंने कहा कि एक समय में कुछ नहीं भी था। नेट और व्हाट्सअप नहीं हुआ करता था। बड़ा सुंदर जमाना था, जब लोग ख़त में प्रेम का इजहार करते थे। आज भी नानी कहानी सुनाना चाहती है, लेकिन पोता-पोती खेलने चला जाता है। जमाना ऐसा हो गया है। उन्होंने कहा कि हमें अपने माता-पिता से पूछना चाहिए खूबसूरत जमाने के बारे में। पीयूष मिश्रा ने अपनी बातों से युवाओं का जोश दोगुना किया तो वहीं अपने संघर्षों को गीतों के जरिए पिरोया।

### तालियों की गड़गड़ाहट और सीटियों का शोर



कार्यक्रम में पीयूष मिश्रा दो घंटे तक अपने हिट गीतों की महफिल सजाई। क्या खुमारी थी, सपना था-चखना था, संग में दारू थी, वो भी क्या दिन थे... की प्रस्तुति से न सिर्फ अपने बीते और संघर्ष के दिनों को याद किया, बल्कि आरंभ है प्रचंड... की प्रस्तुति से युवाओं पर छाप छोड़ी। उन्होंने एक के बाद एक गीतों की प्रस्तुति से समां बांध दिया। वो सुहाने दिन आशिकाने दिन, व्हिस्की तो मेरी जान व्हिस्की तो मेहरबान, जमाना क्या से क्या हुआ, रात है नशे में, हाय रे सिक्कों की झंकार, साथ में नवी चव्वनी आदि गीतों की श्रृंखला से देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। तालियों की गड़गड़ाहट और सीटियों के शोर संग पीयूष मिश्रा के गीतों पर युवा दिल थिरकते नजर आए।

## सकारात्मक मानसिकता के लिए उचित पोषण जरूरी, शारीरिक गतिविधि से होंगे रोग मुक्त

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा आयोजित तीसरे आईट्रीपलई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एम्बिएंट इंटेलिजेंस इन हेल्थकेयर का समापन हो गया। यह इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा आयोजित की गई। कॉन्फ्रेंस के दौरान 'विमेन इन इंजीनियरिंग' के विशेष सत्र में पं. जेएलएनएम मेडिकल कॉलेज की सहायक प्रोफेसर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रजनी देवांगन, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. निवेदिता चौबे आदि मौजूद रहीं। डॉ. संजय शुक्ला ने सभी आयु समूहों में महिला स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने आयुर्वेदिक सिद्धांतों के अनुसार गर्भावस्था के दौरान सकारात्मक मानसिकता और उचित पोषण की जरूरतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि किशोरों को स्वस्थ, संतुलित और समग्र स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए नियमित शारीरिक गतिविधियों में शामिल होना चाहिए।



### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता व हार्मोनल परिवर्तन पर हुई बात

*डॉ. सुरभि दुबे ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, तनाव प्रबंधन और आधुनिक जीवनशैली के स्वास्थ्य पर जानकारी साझा की। उनके व्याख्यान में महिलाओं के जीवन में भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के लिए व्यावहारिक रणनीतियों पर जोर दिया गया। डॉ. रजनी देवांगन ने मानसिक स्वास्थ्य पर हार्मोनल परिवर्तनों के प्रभाव को संबोधित किया। उन्होंने महिलाओं को उनके शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को प्रबंधित करने के लिए सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. निवेदिता चौबे ने आधुनिक युग में टीकाकरण, उचित पोषण और बच्चों की स्वस्थ जीवनशैली के प्रबंधन के महत्व को साझा किया। डॉ. अनिल कुमार साव ने मस्तिष्क की कार्यात्मक कनेक्टिविटी में विशिष्ट घटक और मानव मस्तिष्क द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के मानचित्रण की व्याख्या की। सम्मेलन में डॉ. नरेंद्र बोधे (एम्स रायपुर), डॉ. राजेंद्र प्रसाद (आईआईआईटी श्री सिटी), डॉ. अर्पण चतुरमोहता (सीबीसीसी रायपुर), डॉ. कमल राज परदासानी (एमएएनआईटी भोपाल), डॉ. अनिल कुमार साव (आईआईटी भिलाई) उपस्थित रहे।*

## लोगों से जितनी अधिक बातचीत होगी उतने ही अधिक आप जाने जाएंगे

**रायपुर।** युवाओं की पसंद को समझकर यदि हम उनके ही मुताबिक काम सौंपे, तो न केवल वे समाज से जुड़ते हैं, बल्कि पढ़ाई व कॅरियर की व्यस्तताओं के बीच समाज व अपनी सामाजिक संस्था के लिए समय भी निकालते हैं। महाराष्ट्र मंडल ने भी यही किया। विभिन्न समितियां बनाईं, युवाओं को उनके रुझान के कार्यों वाली समितियों में रखा। काम करने का भरपूर समय दिया और उन पर विश्वास भी किया। उनकी सक्रियता व समर्पण का ही परिणाम है कि बृहन्महाराष्ट्र मंडल का यह अधिवेशन सफल हुआ है। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने अधिवेशन के विशेष सत्र में इस आशय के विचार व्यक्त किए। काले ने कहा कि आपके मोबाइल में भले ही सैंकड़ों नंबर क्यों न हो, मायने यह रखता है कि इनमें से कितने लोगों से आपके संवाद हैं।



### समृद्ध बनाने के लिए विजन का होना जरूरी

महाराष्ट्र मंडल अध्यक्ष ने कहा कि कभी भी संस्था बड़ी होती है और व्यक्ति छोटा। जब भी कोई व्यक्ति अपने आप को संस्था से बड़ा समझता है, तो एक समय ऐसा आता है कि वह बहुत छोटा हो जाता है और संस्था आगे बढ़ जाती है। संस्था को सर्वोपरि मानकर उसके विकास के लिए आप लोगों से मदद मांग सकते हैं। किसी ने मना किया, तो इसमें बुरा मानने की जरूरत नहीं है। क्योंकिए सामने वाले ने संस्था को मना किया है, आपको नहीं।

## शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में आज मनाया जाएगा छेरछेरा पुन्नी का पर्व

**कार्नर न्यूज**



**छेरछेरा पुन्नी का उत्सव पूरे प्रदेश भर में आज बड़े ही धूमधाम से लोग मना रहे हैं। छेरछेरा जिसमें बच्चे -बड़े सभी घर घर जाकर धान मांगते हैं और इकट्ठा हुए धान को बेचकर शाम को गीत-संगीत के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाते हैं।**

# छेरछेरा पर्व पर बच्चों ने कहा- धान के पैसों से जरूरतमंदों की मदद करना असली खुशी

**रायपुर।** शहर में कुछ ऐसे भी युवा और बच्चे हैं जो छेरछेरा मांगकर उससे मिले पैसों का उपयोग कॉपी-पेन, खाना बांटकर और बेजुबानों को खाना खिलाकर कर रहे हैं। युवाओं कहना है छेरछेरा पुन्नी के उत्साह भरे पर्व में जरूरतमंदों की मदद कर उत्साह, आनंद और भी बढ़ जाता है। वे सालों से लोगों की मदद कर रहे हैं।



### बचपन से ही सेवा का मन, पॉकेटमनी और छेराछेरा से मिले पैसे से सेवाकार्य

*शहर की डाली और भारती सिन्हा बताती है, पिताजी समय निकाल कर गरीबों को खाना और जरूरमंदों के लिए संस्था में अपना सहयोग देते हैं। जिसे देख हम दोनों बहनों में सेवा की भावना मन में रहता था। हम अपनी पॉकेटमनी और छेरछेरा में मिले पैसे को मिला कर जो पैसा मिलता है उससे गरीबों को खाना बांटते थे। पिछले दो वर्ष से चौपाल संस्था से जुड़कर सेवा कार्य कर रहे हैं।*

### छेरछेरा से मिले पैसों से जरूरतमंदों को मिले फायदा

*कांटाडीह निवासी मयंक किशोर बताते हैं, बचपन से ही मंदिरों में सेवा करने जाता हूं। अभी स्कूल में कॉपी-पेंसिल जरूरतमंदों के लिए प्रदान करते हैं। छेरछेरा हमारे लिए बहुत हर्षोल्लास का त्योहार है। कोरोनाकाल में जब खाने के लिए लोगों को मांगते देखा, तब से गरीबों के लिए कुछ करने की इच्छा लिए दोस्तों के साथ मिलकर छेरछेरा से मिले पैसे को इकट्ठा कर रेलवे स्टेशन में जरूरतमंदों का खाने का पैकेट वितरण करते हैं। यह कार्य करीब 7 साल से कर रहे हैं।*

### लाठी चाल में अलग-अलग गीतों से मनोरंजन

*कचना निवासी डुगेश्वर बताते हैं, आज के युवा छेरछेरा त्योहार का महत्व भुलते जा रहे हैं। शाम को युवा एक जगह इकट्ठा होकर लाठी चाल में नृत्य करते हैं। जिसमें आधा झूल, समधिन झूल, मड़वा झूल जैसे गीतों के माध्यम एक-दूसरे को चिढ़ाते हुए हंसी-ठिठोली कर मनोरंजन करते हैं। इसके अलावा अन्य मनोरंजन रात में होता है। चिवड़ा और गुड़ की मिठाई खिलाकर एक-दूसरे को बधाई देते हैं।*

**धर्म लाइव**

## अकाल मृत्यु होने पर शांति भोज की मनाही भवन-हॉस्टल बनाने के लिए सहमत



**रायपुर।** किसी के परिवार में अगर किसी की अकाल मृत्यु होती है, ऐसी स्थिति में शांति भोज कराने की सामाजिक परंपरा पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। दो दिवसीय अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह के अंतिम दिन रविवार को विधानसभा के पास स्थित लोटस रिसोर्ट में प्रांतीय और राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने यह भी निर्णय लिया कि शासन से मिलने वाले 5 एकड़ जमीन पर सामाजिक भवन के साथ ही हॉस्टल और स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए भी काम किया जाएगा। ऐसे कई अहम निर्णय सम्मेलन में लिए गए। समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता, आयोजन के संयोजक श्याम गुप्ता और सुभाष साहू ने यह जानकारी दी।

### राजनीतिक भागीदारी भी बढ़ाएं

उन्होंने आगे बताया कि शौण्डिक समाज के लोगों की आबादी छत्तीसगढ़ में 5 लाख से ज्यादा है। इसको देखते हुए हमने राजनीति में भी भागीदारी बढ़ाने की मांग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से की है। उन्होंने जमीन के लिए सहमति देने के साथ ही भवन बनाने के लिए 10 लाख की स्वीकृति दी है। इसके लिए समाज के लोगों ने आभार प्रकट किया। इसके बाद बताया कि निर्णय को देखते हुए 5 एकड़ जमीन की जरूरत है। इसे जल्द ही तय करने का प्रयास करेंगे। हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद, प्रकाश गुप्ता, सुरेश गुप्ता सहित अखिल भारतीय शौण्डिक समाज ने निर्धन कन्याओं की शिक्षा व शादी से जुड़े मसले पर विचार-विमर्श किया।

**सिटी लाइव**

## विभूति को कथक में प्रथम स्थान कला सृजन सम्मान से सम्मानित



**रायपुर।** पी.एम.श्री केन्द्रीय विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की छात्रा विभूति बनवासी ने नृत्यधाम कला समिति व हिंदुस्तान कला संगीत आर्ट एवं म्यूजिक सोसाइटी और इंटरनेशनल कल्चरल हार्मनी के तत्वावधान में दुबई में आयोजित देशराग महोत्सव में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उत्कृष्ठ प्रदर्शन दिखाते हुए विभूति बनवासी पिता अरुण बनवासी ने कत्थक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विभूति बनवासी को सर्वश्रेष्ठ कला सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया। विभूति पिछले 8 वर्षों से अपनी गुरुमाता संगीता कापसे से कत्थक नृत्य सीख रही हैं।

### मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

कार्यक्रम में विभूति ने सभी को प्रभावित किया। इस दौरान मनमोहक कथक नृत्य की प्रस्तुति देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो गए। विभूति ने कथक के जरिए भाव को भी अपने नृत्य में पिरोया। कार्यक्रम में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के आधार पर कला सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया।

**समाज इवेंट**

## एकादशी अखंड पाठ में हुए धार्मिक अनुष्ठान, सेवा दे रहे पाठियों का सम्मान



**रायपुर।** टिकरापारा पटेल चौक स्थित हनुमान मंदिर में श्री एकादशी अखंड पाठ सेवा के आठवें वर्ष पर दो दिवसीय वार्षिकोत्सव की शुरुआत शनिवार को श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ से की गई। 24 घंटे लगातार चलने वाले इस अखंड पाठ की शुरुआत पंडितों द्वारा सुबह विधि-विधान से मंत्रोच्चारण के साथ गौरी-गणेश की पूजा से की गई। इस दौरान शहर के कई महिला मंडल के सदस्यों ने मंदिर पहुंचकर अपनी प्रस्तुति दी। जहां उपस्थित भक्त श्रीराम के भजनों पर झूम उठे। धार्मिक अनुष्ठान से भक्तिमय माहौल बना रहा। आयोजन के मुख्य अतिथि जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम रायपुर के प्रमुख ब्रह्मचारी डॉ. इंदुभवानंद ने श्री रामचरितमानस की महिमा बताते हुए भक्तों से कहा कि राम नाम लेने से बड़ा कुछ भी नहीं है, राम नाम लेने से बड़े से बड़ा पाप मिट जाता है। कलियुग में राम का नाम उस कल्पतरु के समान है, जो मनचाहा पदार्थ देने में सक्षम है। इस अवसर पर जयप्रकाश शास्त्री, श्यामराज सिंह ठाकुर, डॉ. रविशंकर व्यास, पवन मिश्रा, किरण अवस्थी, चंद्रपाल धनगर सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन मोहन साहू, संजू धनगर, नंदनी साहू ने किया।

### इनका हुआ सम्मान

सम्मान समारोह में पिछले 8 वर्षों से लगातार इस अखंड पाठ में अपनी सेवा दे रहे पाठियों का साल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस दौरान शंभु चौहान, अवधेश त्रिपाठी, पन्नालाल देवांगन, नीरू साहू, सीता साहू, धन्नू गौचन्द्र, श्रीधर शुक्ला, राजकृष्ण दुबे, विमल दुबे, हिकेश्वर धनगर, अरुण साहू, पुनीत पाल, लता शर्मा का उपस्थित अतिथियों ने सम्मान किया।



### साइंस कॉलेज मैदान में छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव के पहले दिन सीएम साय ने किया रंगारंग आगाज

# लेजर शो में युवाओं ने देखा देश-प्रदेश का वैभव, 'मैं अयोध्या हूं' ने किया मंत्रमुग्ध

'स्वामी विवेकानंद ने कुछ साल रायपुर में बिताए थे इसलिए उनकी जयंती को महोत्सव का रूप देने में सरकार ही नहीं, संस्थाओं ने भी कसर नहीं छोड़ी। कहीं रैलियां निकाली गई, तो कहीं पर उनके विचारों को आत्मसात करने मंथन किया गया। इस श्रृंखला में छत्तीसगढ़ राज्य युवा महोत्सव का आगाज साइंस कॉलेज मैदान में हुआ। जहां एक तरफ लेजर शो में देश व प्रदेश के वैभव को युवाओं को दिखाया गया। वहीं, युवा फनकार आरु ग्रुप ने गीत-संगीत की महफिल सजाई। मुंबई के मजें हुए 35 कलाकारों ने 'मैं अयोध्या हूं' कि बेजोड़ प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।'



### अतिथियों के बीच बेजोड़ नाट्य मंचन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा के अलावा मंत्री टंकराम वर्मा, दयाल दास बघेल सहित विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने भी मुंबई के कलाकारों द्वारा तैयार की गई 'अयोध्या की गौरव गाथा' को दर्शक दीर्घा में बैठकर देखा। इसकी परिकल्पना और निर्देशन करने वाले प्रदीप गुप्ता, पद्मश्री सुरेश वाडेकर के संगीत और निर्माता योगेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में सजे नाटक 'मैं अयोध्या हूं' दर्शकों को देखने का अवसर मिला। इसमें फिल्मों व टीवी सीरियल में काम करने वालों ने अपनी अदाकारी और संवाद अदायगी से नाट्य मंचन में सतयुग से कलयुग के बीच अयोध्या से जुड़ी कहानी को तीन अलग-अलग भाग में पेश किया।





**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में स्वामी विवेकानंद जयंती को महोत्सव का रूप देने के लिए तीन दिवसीय आयोजनों की श्रृंखला सजाई जाएगी। इस कड़ी में रविवार को शाम 5 बजे से एक तरफ जहां सांस्कृतिक मंच पर अंचल की प्रसिद्ध लोक गायिका आरु साहू एवं उनके साथियों ने हर हर शंभू..., सजा लो घर को गुलशन सा..., चना के दार.., जैसे कई गीतों से दर्शकों को दो घंटे तक मंच से जोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। शाम 7 बजे तक उनकी प्रस्तुतियों का दौर चलता रहा। वहीं, दूसरी तरफ साढ़े 8 बजे अतिथियों के पहुंचते ही लेजर शो का सिलसिला शुरू हुआ। लेजर शो में केन्द्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को युवाओं को दिखाया गया। आधे घंटे के इस शो में युवाओं को सरकारी योजनाओं से रूबरू कराने का प्रयास किया गया।





### विवेकानंद की वेशभूषा में रैली

मंगल बाजार स्थित श्री रामकृष्ण विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा युवा दिवस पर युवा रैली निकाली गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुरली मनोहर देवांगन ने स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए आयोजन का शुभारंभ किया। इसकी शुरुआत स्वामी विवेकानंद के संदेश से किया गया। साथ ही हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। जगह -जगह रैली का स्वागत पुष्प वर्षा और फूलमाला से सामाजिक संस्थाओं द्वारा किया गया। रैली में मुख्य रूप से स्कूल की अध्यक्षा तारादेवी तिवारी एवं स्कूल संचालक विवेक तिवारी, प्राचार्या पुष्पा तिवारी और शिक्षक भी बच्चों के साथ शामिल थे। रैली में बच्चे विवेकानंद की वेशभूषा में शामिल हुए। जो जयघोष करते हुए विभिन्न मार्गों से निकले।

### हनुमान को रोकने के लिए बनी हनुमानगढ़ी

जब प्रभु श्रीराम अंतरध्यान हुए तो हनुमानजी अयोध्या छोड़कर जाने लगे। तब कुश ने उन्हें रोकने के लिए हनुमानगढ़ी में उनके लिए प्रभु श्रीराम का मंदिर बनवाया, जहां उनके होने की प्रासंगिकता को भी संवाद के जरिए दिखाया। इसके बाद मुगल शासकों का प्रवेश होता है, जिनके द्वारा मंदिर को तोड़कर मस्जिद का निर्माण किया जाता है। इसके बाद कलयुग में मंदिर को लेकर विवाद का दौर शुरू होता है। जो कोर्ट-कचहरी से होते हुए दोबारा मंदिर निर्माण की कथा-व्यथा से सजे इस नाटक में हर उस पल और उससे जुड़े संवादों के साथ इस नाटक का समापन अयोध्या में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा पर थमता है।



### पुस्तकों का युवा करें अध्ययन

स्वामी विवेकानंद उत्कर्ष परिषद ने स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती पर आनंद समाज वाचनालय में एक भव्य आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने पारंपरिक तरीके से आयोजन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद ने ढाई साल रायपुर में बिताया। उनके विचार और जीवन शैली आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। युवाओं को विवेकानंद की पुस्तकों का अध्ययन करने एवं उनके विचारों से प्रेरणा लेने की बात श्री सोनी ने कही। समिति की अध्यक्ष दीप्ति दुबे ने संस्था के कार्यों के बारे में बताते हुए युवाओं को सेवाभाव से सक्रियता बढ़ाने के लिए कहा। पूर्व सभापति प्रमोद दुबे ने विवेकानंद के योगदान व आदर्शों पर प्रकाश डाला। समिति के सचिव सौरभ तिवारी ने भी युवाओं को संबोधित किया। इसके बाद युवा प्रतिभाओं का अतिथियों ने सम्मान किया।



### अयोध्या के आराध्य सिर्फ राम होंगे..

*वैसे तो इस नाटक की पटकथा राजा मनु के संवादों से शुरू होती है, जिनके प्रताप व पुण्य से इसको अयोध्या नाम मिला। इनके बाद 40वें वंशज के रूप में भगवान राम का जन्म होता है। इस प्रसंग को सरयू तट से आगे बढ़ते क्रम में नृत्यों व संगीत के साथ गायकी के माध्यम से अगले कालखंड से भी जोड़ने का प्रयास किया गया। 2 घंटे 20 मिनट के इस नाटक में एक समय वह भी आता है, जहां पर भगवान राम के पुत्र कुश कहते हैं कि जिस स्थान को महाराज भरत नहीं ले पाए, उस स्थान को मैं कैसे ले सकता हूं। अयोध्या का राजा भले ही मैं हूं, लेकिन अयोध्या के आराध्य प्रभु राम होंगे। इस संकल्प को पूरा करने के लिए उन्होंने राम मंदिर का निर्माण करवाया।*











### विश्व पटल पर भारत का मान



सामाजिक संस्था सुधा सोसाइटी फाउंडेशन ने ओपन स्कूल आमासिवनी में युवा दिवस मनाया। इसमें स्कूल के सभी बच्चे व अभिभावक शामिल हुए। संस्था के चेयरमैन गोपाल कृष्ण भटनागर ने कॉफ़ी मग देकर अतिथियों का स्वागत किया। आईटी विशेषज्ञ प्रशांत नायक और अभिशेख खरे, प्रियंका नायक आयोजन का हिस्सा बनी। श्री भटनागर ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। इसलिए, आप विवेकानंद के बताए रास्ते पर चलने का प्रयास करें। उन्होंने विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाया है। उनकी जयंती पर उनके प्रेरणा से भरे विचार अपनाने का संकल्प लें। संस्था के सीईओ आरके सूद ने बच्चों को जागरूक किया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी सहित कई तरह की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की।

सिटी स्पोर्ट्स

## प्रथम खो-खो विश्वकप के लिए छत्तीसगढ़ के तीन राष्ट्रीय निर्णायकों को बुलावा



**रायपुर।** भारतीय खो खो संघ द्वारा इंदिरा गांधी स्टेडियम नई दिल्ली में 13 जनवरी से 19 जनवरी 2025 तक पहला विश्वकप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 22 देशों के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों सहित ऑफिशियल्स का दल भाग ले रहा हैं। उक्त विश्वकप में छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ के महासचिव तरुण शुक्ला के साथ राष्ट्रीय निर्णायक फिरोज़ रहमान एवं रुक्मिणी यादव को भारतीय खो खो संघ द्वारा तकनीकी ऑफिशियल्स के रूप में नियुक्त किया गया है। जिसमें भाग लेने के लिए तीनों ही ऑफिशियल नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। तीनों ऑफिशियल की नियुक्ति के लिए भारतीय खो खो संघ का धन्यवाद करते हुए छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ के अध्यक्ष कमलजीत अरोरा,गोविंद मुदलियार, उमेश सिंह, ललित वर्मा, अक्षत गोयल, पुरन जायसवाल, सुब्रत शाह, देवेंद्र गुप्ता, प्रमोद तिवारी, दूंगा राम गोटा, धर्मेन्द्र कुमार, नरेश शुक्ला, रघुनंदन प्रसाद गुप्ता, राजेश पांडे, चवन राम साहू, भोलेनाथ चतुर्वेदी, वीरेंद्र मसीह, राजेश पांडे, भगत सोनी, भरत कोटेलकर, उत्तम बरसागडे एवं सचिन डोंगरे ने पूरे छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ के सभी सदस्यों व खो खो के साथियों की तरफ से अपनी शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी विक्रांत शुक्ला ने दी।

## सुनील- सुधीर की जोड़ी सीनियर टेनिस में विजेता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ के तत्वावधान मे यूनियन क्लब द्वारा आयोजित इंटर क्लब सीनियर टेनिस टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबले रविवार को खेले गए। टूर्नामेंट मे 50+, 60+ एवम 70+ डबल्स मुकाबले खेले गए। टूर्नामेंट मे 25 जोड़ियों ने भाग लिया। 40+ के फाइनल मुकाबले मे सुनील सुरना एवम सुधीर वर्मा की जोड़ी ने भरत पटेल एवम जगदीप बंसल की जोड़ी को 4-1,1-4,10-5 से हराया। 50+ के फाइनल मे सुनील सुरना एवम प्रदीप मथानी की जोड़ी ने आनंद आहूजा एवम सुखविंदर भामरा की जोड़ी को 4-1, 4-2 से हराया। 60+ के फाइनल मे प्रदीप मथानी एवम सुधीर वर्मा ने ऋषि बंछोर एवम विजय मथानी की जोड़ी को 4-1, 4-2 से हराया। विजेताओं को ट्रॉफी सुजीत जैन के प्रयोजन मे, अवतार जुनेजा, एवं जी एस बाम्बरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ टेनिस संघ, एवं पाली कलश कार्यकारी सदस्य छत्तीसगढ़ टेनिस संघ ने प्रदान की। विजेताओं को गुरुचरण सिंह होरा महासचिव छत्तीसगढ़ टेनिस संघ ने बधाई दी।

## सेल बैडमिंटन में हिस्सा लेंगे बीएसपी के खिलाड़ी



**रायपुर।** दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वारा सेल कर्मचारी (महिला एवं पुरूष) बैंडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन दुर्गापुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर इस्पात संयंत्र, राउलकेला इस्पात संयंत्र, बर्नपुर इस्पात संयंत्र, वी.आई.एस.एल. भद्रावती और सेल कॉर्पोरेट ऑफिस नई दिल्ली की टीमे भाग ले रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र की बैंडमिंटन में अमित प्रकाश, अंकिता मोहानिया,विजय भानू, भारती चौधरी, शैलेष कुमार,लता एस.पिल्लई और अंजली राजपुत शामिल हैं। टीम के कोच प्रवीण उपाध्याय है। इस अवसर पर क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के महाप्रबंधक विजय शर्मा, उप महाप्रबंधक सही राम जाखड़, अभिजीत भौमिक उप. प्रबंधक तथा डेनिस क्रिस्ट्री उप. प्रबंधक ने हर्ष जताया है।

### बदलती जीवन शैली के चलते वजन पर नियंत्रण रखना जरूरी

# सही खान-पान के बाद भी कम नहीं हो रहा है वजन तो आज ही से करें आदतों में बदलाव

सही खान-पान के बावजूद भी अगर आपका वजन कम नहीं हो रहा है, तो आपको अपने रूटीन में कुछ बदलाव करने चाहिए। डाइट के अलावा और भी कई चीजें वजन पर असर डालती है।

वजन कम करने के लिए सही डाइट लेनी चाहिए। डाइट में प्रोटीन, कार्ब्स, हेल्दी फैट्स और फाइबर समेत सभी चीजों को शामिल करना चाहिए। वहीं, अनहेल्दी चीजों से दूर रहना चाहिए। सही डाइट के अलावा भी कई ऐसी चीजें हैं, जो आपके वजन पर असर डाल सकती हैं और जिनके बारे में आपको



जानकारी नहीं है। जी हां, जब भी वजन कम करने की बात आती है, तो सिर्फ डाइट पर ही ध्यान दिया जाता है, लेकिन वेट लॉस के लिए और भी कई चीजें जरूरी है।

सही खान-पान के बाद भी अगर आपका वजन कम नहीं हो रहा है, तो आपको अपने रूटीन में कुछ बदलाव करने चाहिए। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही बदलावों के बारे में बता रहे हैं, जो वेट लॉस के लिए जरूरी हैं। इस बारे में डाइटिशियन अंजुम रिफअत जानकारी दे रही हैं। अंजुम सर्टिफाइड डाइटिशियन, योगा और हार्मोन हेल्थ कोच हैं।



### स्ट्रेस हार्मोन पर दें ध्यान

आपके वेट गेन और खासकर बेली फैट की वजह स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल का लेवल भी हो सकता है। शरीर में कोर्टिसोल का लेवल बढ़ने का असर सिर्फ मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक सेहत पर भी होता है। अगर आप तनाव में हैं, तो सही डाइट के बाद भी वजन कम करने में मुश्किल आ सकती है। इसलिए, वजन कम करने के लिए स्ट्रेस को मैनेज करने पर ध्यान दें।




### स्लीप साइकिल करें सही

स्लीप साइकिल का सही होना भी वेट लॉस के लिए जरूरी है। नींद पूरी न होने पर आपके एनर्जी लेवल और डाइजेशन पर असर हो सकता है। हेल्दी रहने और वजन कम करने के लिए 7-8 घंटे की नींद बहुत जरूरी है। अगर आप देर रात तक जागते हैं, सही समय पर नहीं सोते हैं या फिर सोने-जागने के टाइमिंग सही नहीं हैं, तो इस आदत को बदलें।

### खाने की टाइमिंग पर दें ध्यान



वेट लॉस के लिए डाइट का सही होना जरूरी है लेकिन साथ ही मील टाइमिंग भी सही होना चाहिए। अगर आप ब्रेकफास्ट स्किप कर रहे हैं, डिनर हैवी ले रहे हैं, तो इससे वेट लॉस नहीं होगा। वेट लॉस के लिए हेल्दी चीजों को सही समय पर खाएं। ब्रेकफास्ट स्किप न करें। डिनर 7-8 बजे तक कर लें और कोशिश करें कि डिनर और अगले दिन ब्रेकफास्ट के बीच में कुछ न खाएं।




## वर्क फ्रॉम होम में बॉस को ऐसे कर सकते हैं इम्प्रेस

अगर आपका हाइब्रिड या वर्क फ्रॉम होम चल रहा है और आप घर से काम करते हुए बॉस को इंप्रेस करना चाहते हैं। हम आपके लिए टिप्स लेकर आए हैं।

महामारी के बाद हाइब्रिड और वर्क फ्रॉम होम का चलन काफी बढ़ गया है। जहां वर्क फ्रॉम होम आपके ट्रैवेल टाइम को बचाता है और आपको दूसरी चीजों को करने के लिए ज्यादा समय उपलब्ध कराता है। वहीं, कई बार मन में सवाल आता है कि घर से काम करने पर क्या मुझे अच्छा प्रमोशन और इंक्रीमेंट मिल पाएगा? दरअसल हमें लगता है कि जब हम ऑफिस में बॉस के सामने काम करते हैं, तो वह देख पाते हैं कि हम अपना काम कितनी लगन और मेहनत के साथ कर रहे हैं। वहीं, वर्चुअल ऑफिस से बॉस को इंप्रेस कर पाना नामुमकिन लगता है। इस आर्टिकल में आज हम आपको घर से काम करने के बावजूद भी कौन-से टिप्स को अपनाकर बॉस को इंप्रेस किया जा सकता है, इसके बारे में बताने जा रहे हैं।

### नियमित बॉस के कॉन्टैक्ट में रहें



घर से काम करने पर आप स्ट्रेस, लंबा ट्रैवेल और भी बहुत कुछ कम सकते हैं। हालांकि आपको एक चीज नहीं छोड़नी चाहिए और वह है कि अपने बॉस से नियमित रूप से संपर्क में रहना। आप रोजाना अपने बॉस से ईमेल, कॉल या चैट के जरिए जुड़े रह सकते हैं। अपने बॉस से बात करने के लिए आप वीकली वन ऑन वन कम्युनिकेशन कर सकते हैं, जिसमें आप अपने काम के बारे में उन्हें जानकारी दे सकते हैं।

### टीम से जुड़े रहें

वर्क फ्रॉम होम में आपको बॉस के साथ कॉन्टैक्ट में रहना जरूरी है, लेकिन आपको अपने कॉलीग्स के साथ भी संपर्क बनाकर रखना जरूरी है। आपको सभी सहकर्मियों के काम के बारे में पता होना जरूरी है, क्योंकि ऐसा करने से आप अपने बॉस को यह मैसेज देते हैं कि आप टीम का हिस्सा हैं और टीम की सक्सेस में आपका योगदान है। घर से काम करते हुए भी आप अपने कॉलीग्स की मदद कर रहे हैं।

### प्रोफेशनल के साथ पर्सनल कनेक्शन बनाएं



यदि आपका ऑफिस हाइब्रिड या वर्क फ्रॉम होम है, तो आप अपने बॉस और सहकर्मियों को ज्यादा जानने के लिए उनके साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बना सकते हैं। जब आप काम के अलावा उनसे व्यक्तिगत मिलते हैं, तो इमोशनल और पर्सनल कनेक्शन दोनों अच्छा बन जाता है। ऐसा करने से आपके बॉस को आपकी याद हमेशा रहेगी।

### सभी काम टाइम से पूरे करें

घर से काम करते हुए बॉस को इंप्रेस करने का सबसे बेस्ट तरीका है कि आप उनके कहे बिना अपना काम पूरा कर लें। आप दिए गए सभी बड़े और छोटे कामों को समय के साथ खत्म करके बॉस को सबमिट कर दें। यह तरीका बॉस का आप पर भरोसा करना सिखाता है और बेस्ट डिलीवर रिजल्ट देने की आपकी क्षमता को दिखाता है।

### एक्टिव रहें

वर्कफ्रॉम होम होने पर भी आपको प्रॉब्लम्स को पहचानने और सॉल्यूशन ढूंढने के मामले में एक्टिव रहने की आवश्यकता है।

## राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची छत्तीसगढ़ की टीम



**रायपुर।** असम हैंडबाल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में सीनियर बीच राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) का आयोजन सरुसजई स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, गुवाहाटी, असम में 10 जनवरी से 13 जनवरी तक जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की 12 सदस्यीय (10 महिला खिलाड़ी, 01 प्रशिक्षक एवं 01 प्रबंधक) बीच महिला हैंडबाल टीम भाग ले रही है। ग्रुप-सी पुल के अंतिम लीग मैच में छत्तीसगढ़ महिला टीम ने उत्तर प्रदेश के विरुद्ध 3-1 से विजय हासिल की। जिसमें मैच के प्रथम सेट में छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश की टीम 15-15 गोलों से बराबर पर रही। मैच के द्वितीय सेट में छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश की टीम 21-21 गोलों से बराबर पर रही। गोल्डन पेनल्टी में दोनो ही टीमें 5-5 गोलों से बराबर रही। सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों द्वारा पेनाल्टी स्टोक में दोनों ही टीमें 3-3 गोलों से बराबर पर रही। दोनों ही टीमें बराबरी पर होने के कारण पुनः गोल्डन पेनल्टी स्टोक रखा गया जिसमें एक्स्ट्रा खिलाड़ियों द्वारा पेनल्टी लिया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ ने 3 गोल एवं उत्तर प्रदेश ने 1 गोल किये इस तरह छत्तीसगढ़ राज्य की महिला टीम 3-1 से जीतकर अपने पुल में प्रथम स्थान पर रहते हुये क्वार्टर फाइनल पहुंची है। क्वार्टर फाइनल में रविवार को छत्तीसगढ़ का मुकाबला जम्मू एवं कश्मीर के साथ हुआ। इसके पूर्व छत्तीसगढ़ बीच महिला हैंडबाल ने अपने पुल-सी के पहले लीग मैच में बिहार को 40-14 गोलो से दूसरे लीग मैच में छत्तीसगढ़ ने तेलंगाना को 15-03 गोलों से पराजित किया। तीसरे लीग मैच में छत्तीसगढ़ ने मणिपुर को प्रथम से में 22-12 गोल एवं द्वितीय सेट में 23-10 गोलों से पराजित किया।

■ सीनियर बीच राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता गुवाहाटी में जारी

### छत्तीसगढ़ की टीम में शामिल हैं धुरंधर खिलाड़ी

उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छत्तीसगढ़ की टीम में भाविका रामटेके (दुर्ग जिला), कंचन महानंद (दुर्ग जिला), प्रिया (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर), काजल (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर),मीनू (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर), निक्की (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर), गौरव (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर), काजल (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर), प्रीति साहू (रायपुर जिला), प्रिया तिवारी (दुर्ग जिला), प्रशिक्षक अमिता मोहापात्रा (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर), शबनम फिरोज अंसारी (दक्षिण पूर्वी मध्य रेल्वे, बिलासपुर) है। छत्तीसगढ़ बीच महिला हैंडबॉल टीम की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ हैंडबॉल एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन एवं विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारियों ने टीम को अपनी शुभकामनाये प्रदान की।

## पैरानेशनल तीरंदाजी में छत्तीसगढ़ ने जीते 4 मेडल

**रायपुर।** छठवीं पैरा नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता जयपुर में जारी है। उक्त प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के तोमन कुमार कुमार को दो मेडल प्राप्त हुए। जिसमें पहला सिल्वर रैंकिंग राउंड में और दूसरा ब्रांज मेडल ओलंपिक राउंड में मिला है। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के महासचिव आयुष मुरारका ने बताया कि इस प्रतियोगिता में टोमन कुमार और अमित कुमार को कंपाउंड मिक्स टीम में ब्रांज और इंडियन वर्ग में मिक्स टीम हरिओम और श्याम कुमारी को पदक मिला है। मुरारका ने बताया कि टोमन कुमार ने दिसंबर में सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भी मेडल प्राप्त किया था, और इस मेडल के आधार पर से उत्तराखंड नेशनल गेम में भी चयन हुआ है।

उन्होंने बताया कि तोमन कुमार पैरा का तीरंदाज है ,और उसने सामान्य वर्ग में खेलते हुए भी मेडल प्राप्त किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कैलाश मुरारका, दीपेश अरोड़ा, भारत मटियारा और डॉक्टर विकास अग्रवाल ने सभी पैरा तीरंदाजो को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि छत्तीसगढ़ के सभी तीरंदाज 38 नेशनल गेम उत्तराखंड में भी छत्तीसगढ़ की पताका फहराएंगे।






## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अमेरिकी रेसलर की कहानी 'अनस्टॉपेबल' को प्रेरक बताया



हॉलीवुड में कई ऐसी फिल्में बनी हैं जो असल कहानियों से इंस्पायर रही हैं। जल्द ही ऐसी ही एक कहानी दर्शकों को देखने को मिलेगी। यह कहानी एक अमेरिकी रेसलर एंथनी रॉबल्स की है। वह एक पैर के साथ पैदा हुए, लेकिन आगे चलकर उन्होंने अपनी अलग पहचान रेसलिंग की फील्ड में बनाई, वह नेशनल लेवल के चैंपियन बने। एंथनी की ही कहानी को फिल्म 'अनस्टॉपेबल' में दिखाया गया है। फिल्म 'अनस्टॉपेबल' में जेनिफर लोपेज, रेसलर एंथनी रॉबल्स की मां जूडी के रोल में हैं। पीटीआई को दिए इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस-सिंगर जेनिफर अपने किरदार और फिल्म के बारे में कहती हैं, 'जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो लगा कि यह एक इंस्पिरेशन स्टोरी है। हमारे पास लैटिनो फैमिलीज की ऐसी कहानी कम ही हैं। इस फिल्म में स्ट्रगल है, लेकिन आखिर में एक शानदार जीत होती है, जो दर्शकों के मन को छू जाएगी। फिल्म में जूडी का किरदार ही है, जो एंथनी की स्ट्रेंथ है। यह एक मजबूत किरदार है।' रेसलर एंथनी की मां जूडी को यकीन नहीं हो रहा है कि उनके किरदार को पर्दे पर जेनिफर लोपेज निभा रही हैं। दोनों के बीच फिल्म की शूटिंग के दोनों काफी अच्छी बॉन्डिंग हो गई। जूडी रॉबल्स कहती हैं, ' जेनिफर लोपेज के पास एक एक प्यारा मन है, वह एक शानदार इंसान हैं, यह सब कुछ कई लोग देख नहीं पाते हैं।'

फिल्म 'अनस्टॉपेबल' को विलियम गोल्डनबर्ग निर्देशित कर रहे हैं। यह फिल्म रेसलर एंथनी रॉबल्स और ऑस्टिन मर्फी की किताब पर बेस्ड है।

बॉबी कैनवेल, माइकल पेना और डॉन चीडल भी फिल्म के कलाकारों में शामिल हैं। एंथनी रॉबल्स खुद भी फिल्म में नजर आ रहे हैं। वह फिल्म के निर्माता भी हैं। फिल्म में एंथनी रॉबल्स का किरदार झारेल जेरोम निभा रहे हैं।

### टॉलीवुड

## राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' में जोड़ा गया ये गाना, जानें रिलीज से पहले क्यों हटाया था?



रिलीज से पहले राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' का गाना तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए हटा लिया गया था। 'गेम चेंजर' के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर 'जाना हैरान सा' के हटाए जाने की जानकारी साझा की गई थी। फिल्म से सॉन्ग हटाए जाने के बाद फैंस में काफी निराशा थी, लेकिन अब इसे चुपचाप दूसरे दिन जोड़ दिया गया। 123 तेलुगु के मुताबिक, 'गेम चेंजर' से हटाया गया गाना 'जाना हैरान सा' फिल्म के रिलीज के दूसरे दिन चुपचाप जोड़ दिया गया है। निर्माताओं ने घोषणा की है कि 'नाना हयाना' या 'जाना हैरान सा' गाना आधिकारिक तौर पर 14 जनवरी, 2025 से फिल्म में जोड़ा जाएगा।

फिल्म के रिलीज से पहले आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर बताया गया कि गाने को 'तकनीकी चुनौतियों के कारण संपादित करना पड़ा।' पोस्ट में लिखा, सभी का पसंदीदा, गेम चेंजर, 'जाना हैरान सा' को शुरुआती प्रिंट में तकनीकी चुनौतियों के कारण संपादित किया गया है। हालांकि, प्रशंसक निराश हो सकते हैं, लेकिन यह पोस्ट आश्वासन देता है कि 'जाना हैरान सा' गीत जल्द ही फिर से शामिल किया जाएगा, जिससे दर्शकों को बड़े पर्दे पर दोबारा आने पर कुछ देखने को मिलेगा।"राम चरण के फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो एक बड़े बजट में बनी यह फिल्म कुछ खास कमाल करती नजर नहीं आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 450 करोड़ रुपये के आस-पास का है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 51.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। दूसरे दिन 60 फीसदी की गिरावट के साथ फिल्म की कमाई 21.5 करोड़ रुपये पर ही सिमट गई। 'गेम चेंजर' में राम चरण और कियारा आडवाणी के अलावा दक्षिण भारत के कई दिग्गज कलाकार शामिल है। जिसमें, जे एस सूर्या, प्रकाश राज, सुनील, मेका श्रीकांत, जयराम और अंजलि ने अहम भूमिका अदा की है।

### भोजपुरी

## अक्षरा की फिल्म 'अक्षरा' हुई रिलीज, प्रभावी भूमिका निभाई है नायिका ने



भोजपुरी फिल्मों की क्वीन अक्षरा सिंह की मच अवेटेड फिल्म 'अक्षरा' रिलीज हो गई है। इसे आप घर बैठे आराम से मुफ्त में देख सकते हैं। यहां बता रहे हैं कि इसे किस यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है, कहानी और अक्षरा सिंह का रोल क्या है। अक्षरा ने फिल्म में एक टीचर का रोल प्ले किया, जो बच्चों को पढ़ा-लिखाकर आत्मनिर्भर बनाने का काम करती है, तो साथ ही गुंडों को लेडी सिंघम बनकर पीटती भी है। इस फिल्म का ट्रेलर साल 2023 में रिलीज किया गया था, और तभी से फैंस के बीच इसे लेकर उत्साह था। 'अक्षरा' को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसे 11 जनवरी को रिलीज किया गया। फिल्म में अक्षरा सिंह के अलावा अंशुमान मिश्रा, विनोद मिश्रा, अनूप अरोड़ा, धानी गुप्ता, बीना पांडे, प्रतिभा साहू, विद्या सिंह, संजीव मिश्रा और अखिलेश शुक्ला समेत कई और भोजपुरी कलाकार हैं।

## नैना की नजर

नैना एक पेशेवर फ़ोटोग्राफ़र हैं, जो लग्जरी, फ़ैशन और लाइफ़स्टाइल में माहिर हैं। वह एक ब्रांड कंसल्टेंट और एक कलाकार भी हैं। भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों के लिए ब्रांडिंग और ग्राफ़िक डिज़ाइन के काम में लग गईं, और फिर एक फ़ोटोग्राफ़र के रूप में पूर्णकालिक एकल-उद्यमिता में शामिल हो गईं। 2019 में उन्होंने अपना आर्ट लेबल भी लॉन्च किया। उनकी फैशन फोटोग्राफी का दुनिया लोहा मानती है।




## चेहरे को चमकाएंगे अनार से बने ये फेस पैक, जानें इसे बनाने का तरीका



घर पर ही अनार का फेसपैक बना कर दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए अनार और पपीते का पेस्ट बनाकर इसे चेहरे पर आधे घंटे के लिए लगाएं। इसके बाद इसे सादे पानी से धो लें। हफ्ते में दो बार इस पैक को लगाने से आपके चेहरे के दाग-धब्बे दूर हो जाएंगे। इससे आपकी स्किन खिली-खिली भी रहेगी। अक्सर लोग मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल क्लींजर की तरह करते हैं।

ऐसे में आप अनार के साथ इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए अनार के रस में एक घंटे के मुल्तानी मिट्टी को भिगो कर रख दें। जब ये फूल जाए तो थोड़ा सा रस और मिलाकर इस पैक को चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे के बाद चेहरे को धो दें।

इस पैक को बनाने के लिए आपको एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच कॉफी पाउडर और अनार का रस मिलाना है। इसके बाद इसमें थोड़ा सा शहद मिलाकर इसे अच्छे से मिक्स करें। कुछ समय के लिए इस पैक को चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरा धो दें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा। वैसे तो एवोकाडो काफी महंगा आता है, लेकिन अगर दमकती त्वचा पाना चाहते हैं, तो इसका इस्तेमाल अवश्य करें इसके लिए आपको बस एवोकाडो को मैश करके इसमें अनार का पेस्ट अच्छे से मिलाना है। इसे अपने चेहरे पर लगाकर आप ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं।

## नॉर्मल तरीके से साड़ी पहनकर हो गई हैं बोर तो इन स्टाइलिंग टिप्स को करें ट्राई




साड़ी स्टाइल करना अगर आपको पसंद है तो इसके लिए आपको अलग-अलग तरीके भी ट्राई करने चाहिए। इससे आपका साड़ी लुक अच्छा लगेगा साथ ही आपको कुछ नए तरीके से साड़ी स्टाइल करने का मौका मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप सही ट्रिक्स को अपनाएं। इससे साड़ी अच्छे से बंधेगी साथ ही आप सुंदर लगेगी।

### लहंगा स्टाइल साड़ी

आप साड़ी को सिंपल तरीके से पहनने की बजाएं अलग तरीके से भी ड्रेप कर सकती हैं। लहंगा स्टाइल आजकल काफी ट्रेंड में है और अच्छा भी लगता है इस तरीके से साड़ी पहनने के लिए पहले आपको साड़ी में प्लीट्स बनानी होगी और उसे कमर पर अटैच करना होगा। इसके बाद मैचिंग दुपट्टे को पिन करना होगा। इससे आपकी साड़ी बिल्कुल लहंगे स्टइल में बंध जाएगी। इसके बाद आपको इसमें बेल्ट लगानी हैं और इसे पिन करके अच्छी सी ज्वेलरी के साथ वियर करनी है। इससे आप और भी सुंदर लगेगी।

### बेल्ट के साथ साड़ी करें स्टाइल

अगर आपको लगता है कि साड़ी में आपकी बेली अच्छी नजर नहीं आ रही है तो ऐसे में आपको जरूरत है बेल्ट (ट्रेडिशनल लुक) की इसे साड़ी के ऊपर स्टाइल करके आप अपने साड़ी लुक को और अच्छा बना सकती हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले साड़ी को उसी तरीके से बांधना है जैसे बांधती हैं फिर इसमें बेल्ट को अटैच करना है। इसके बाद कुछ एक्सेसरीज एड करनी है। इस तरीके से आपकी साड़ी काफी अच्छी लगेगी। इस तरीके से साड़ी बांधकर आप पार्टी या फिर किसी फंक्शन को भी अटेंड कर सकती हैं।

### स्कर्ट स्टाइल साड़ी करें ड्रेप

अगर आपको साड़ी को अलग तरीके से ड्रेप करना है तो इसके लिए आप स्कर्ट स्टाइल से भी साड़ी को वियर कर (स्लिम लुक के लिए साड़ी स्टाइल टिप्स) सकती हैं। इससे भी वो काफी अच्छी लगेगी। इसके लिए आपको साड़ी में आगे की तरफ प्लीट्स बनानी है और पिन की मदद से सेट करनी है।

## पैरों की ड्राईनेस को कम करेगा कच्चा दूध, जानें इस्तेमाल का तरीका



पैरों की देखभाल करने के लिए आप बाहरी क्रीम की जगह घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप हफ्ते में 2 बार तक पेडीक्योर कर सकती हैं। ड्राईनेस बढ़ने के कारण पैरों की त्वचा में मॉइस्चर खत्म होने लगता है और ऐसा सर्दी के मौसम में ज्यादातर देखा जाता है।

इसके लिए आप घरेलू चीजों जैसे कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं और अपने पैरों की ड्राईनेस को कम कर सही तरीके से पोषण दे सकती हैं। कच्चा दूध त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है।

ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन-ए होता है। कच्चा दूध त्वचा को नमी देने का काम भी करता है। इसके अलावा त्वचा को मॉइस्चराइज रखने में मदद करता है। नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। त्वचा को मुलायम रखने में शहद बेहद मददगार साबित होता है। इसके अलावा यह स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए मदद करता है।

पैरों की देखभाल करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में 4 चम्मच शहद की डालें। इसमें 3 चम्मच कच्चे दूध की मिलाएं। इन दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर पैरों की त्वचा पर लगा लें। पैरों की त्वचा पर कम से कम 30 मिनट तक इसे लगा रहने दें। आप चाहे तो हल्के हाथों के दबाव से पैरों पर मसाज कर सकती हैं।

पानी और कॉटन की मदद से पैरों पर लगे शहद और दूध को साफ कर लें। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में 4 बार कर सकती हैं। पहली ही बार में इस घरेलू नुस्खे का असर आपको नजर आने पड़ेगा।

## पंजाबी स्टाइल सूट लुक में जान डालेंगे दुपट्टे के ये खास डिजाइंस



स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको आउटफिट के हिसाब से स्टाइलिंग करनी चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी लुक से इंस्पायर हो सकती हैं। स्टाइलिश दिखने के लिए हम आए दिन अपने लुक में कई तरीके के बदलाव करते रहते हैं। वहीं लोहड़ी का त्योहार आने वाला है और इस त्योहार के मौके पर हम अक्सर पंजाबी स्टाइल के सलवार-सूट को पहनते हैं।

पंजाबी स्टाइल सूट के साथ में अक्सर हम हैवी दुपट्टे को स्टाइल करते हैं और इसके लिए डिजाइन भी ट्रेडिशन के हिसाब से ही चुनते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं पंजाबी स्टाइल सूट लुक में जान डालने के लिए सलवार-सूट के लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लोहड़ी लुक नजर आए सबसे खूबसूरत।

### गोटा-पट्टी वर्क दुपट्टा डिजाइन

आजकल गोटा-पत्ती डिजाइन काफी चलन में नजर आ रहा है। वहीं इसमें आप खुद प्लेन दुपट्टे का फैब्रिक खरीदकर अलग से गोटा-पत्ती लेस का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह की गोटा-पट्टी लेस आप चाहे तो सूट पर भी लगवा सकती हैं। दुपट्टे की लेंथ चुनने के लिए आप अपनी हाइट का खासतौर से ख्याल रखें। पंजाबी स्टाइलिंग में सबसे ज्यादा फुलकारी दुपट्टे को स्टाइल किया जाता है। वहीं इसे बनाने के लिए मल्टी-शेड्स के धागों का इस्तेमाल किया जाता है।

### कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में 'बन' को तेजी से अपना रहे नौजवान

## 'मैन बन' है आपका स्टाइल तो कुछ खास टिप्स आपको बनाएंगे और भी स्टाइलिश

*'पुरुषों को बाल छोटे रखने चाहिए' अक्सर यही सुनने को मिलता है और लंबे बाल वाले पुरुषों को इसके चलते दिक्कत भी खूब होती है। लेकिन इसके बाद भी बड़े बाल रखने वाले कई पुरुष हैं। ये वो पुरुष हैं जो लंबे बाल तो रखते ही हैं बन भी बनाते हैं। लेकिन बन सारे पुरुषों पर अच्छा ही लगे ये जरूरी तो नहीं। मगर कुछ खास टिप्स के साथ बन पुरुषों पर अच्छा लगता ही है। ये टिप्स मैन बन को आपके लुक में ऐसा शामिल कराएंगे कि आप इन्हें आसानी से स्टाइल करेंगे और लोगों की तारीफ़ भी सुनेंगे।*



'मैन बन' बनाने के आसान टिप्स

'मैन बन' यानी पुरुषों के लंबे बालों पर सजा बन। अगर ये स्टाइल रखने से आप अभी तक पीछे हट रहे थे तो अब आप इन स्टाइल को खास टिप्स के साथ आजमा सकते हैं-

### कैसे-कैसे 'मैन बन'

बालों का जूड़ा स्टाइल ही 'मैन बन' है लेकिन ये भी कई तरीके के होते हैं जैसे जब बन सिर पर बहुत ऊंचाई पर बनाया गया होता है तो उसे टॉपनॉट कहते हैं। लेकिन जब बन बेहद ढीला बंधा होता है तो उसे फुल बन कहते हैं। जब पुरुष मैन बन बनाने की कोशिश करते हैं तो उन्हें सिर्फ योंहीं बाल पकड़ कर बन बनाने की जरूरत नहीं है बल्कि वे कई तरह के स्टाइल बना सकते हैं।

### हाफ अप

जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है। इसमें सिर्फ आधे बालों से ही बन बनाया जाता है। ये उन पुरुषों के लिए सही है जिनके बाल सच में लंबे हैं। मतलब बाल पुरुषों के कंधों से भी नीचे हैं तब ही हाफ अप बन अच्छा लगता है।



### लो बन

ये बन सिर में पीछे की ओर बनाया जाता है। इसमें बन सिर के क्राउन पर नहीं बनता है। नाम के मुताबिक इसे बिलकुल सिर के पीछे नीचे की ओर बनया जाता है।

### फेड के साथ मैन बन

ये एक ऐसा बन है जिसके लिए आपको अक्सर सैलून जाना होगा। इसमें सिर में ऊपर के बाल का बन बनाया जाता है। सिर्फ में नीचे के सारे बाल चोट कर दिए जाते हैं। ये बड़े बालों से बिलकुल अलग हो जाते हैं।

### बन एंड बियर्ड

याद रखिए ये वो स्टाइल है जिसमें हर तरह के बाल चल जाते हैं, जैसे स्ट्रेट या कर्ली। इस लुक में सिर पर बन होता है तो बियर्ड भी ठीक से बढ़ाई गई होती है।

### किस पर सूट करेगा 'मैन बन'

जैसे सभी हेयर स्टाइल चेहरे के आकार के हिसाब से सूट करते हैं, ठीक वैसे ही 'मैन बन' भी हर चेहरे पर सूट नहीं करता है। जैसे टॉप नॉट उन पुरुषों पर अच्छा लगता है जिनका बोन स्ट्रक्चर बहुत डिफाइन नहीं होता है। क्योंकि इसके साथ चेहरा लंबा नजर आ सकता है।